## खबर संक्षेप



### भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का किया वर्णन

**सिलौड़ी।** खमहरिया बागरी में चल रही श्रीमद भागवत कथा में कथावाचक पंडित मानवेंद्र शास्त्री ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण बचपन में बहुत शरारती थे और बाल लीलाओं से पूरे गांव के प्रिय थे। भगवान श्री कृष्ण अपने साथियों के साथ अनेक प्रकार की बाल लीला करते थे । मध्य प्रदेश शासन की राज्य मंत्री प्रतिमा सिंह बागरी का आगमन कथा स्थल पर हुआ। राज्य मंत्री प्रतिमा सिंह बागरी ने कथावाचक का सम्मान कर उनका आशीर्वाद लिया । और भागवत कथा का श्रवण किया । मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी ,सरपंच अनिल सिंह बागरी ने राज्य मंत्री प्रतिमा सिंह का स्वागत किया।

### तीन चोरियों में नकदी और जेवरात ले गये चोर

**कटनी।** बहोरीबंद और ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्रों में चोरी की तीन वारदातें हुई। चोरों ने घरों सहित धार्मिक स्थलों में चोरी की। जानकारी के अनुसार घर का ताला बहोरीबंद थाना अंतर्गत ग्राम बचैया में एक सूने मकान में चोरी ने वारदात को अंजाम दिया। प्रार्थी सुखचैन प्रजापति 33 वर्ष ने पुलिस को बताया कि 20 जनवरी की दोपहर जब घर पर कोई नहीं था, तब अज्ञात चोरों ने धावा बोला। प्रार्थी ने बताया कि अज्ञात चोरो ने घर में रखे 2 तोले का सोने का हार, सोने के कंगन, बाले, अंगूठी, सोने की चेन, भारी मात्रा में चांदी की पायल, बिछिया और 60,000 रुपये नकद चोरी कर लिया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 331(4) और 305 ए (BNS) के तहत मामला दर्ज किया है। इसी तरह ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम सिलौडी में चोरी की दो अलग-अलग वारदातें सामने आईं, जिनमें चोरों ने मंदिर से कीमती चांदी के मुकुटों को निशाना बनाया। प्रार्थी विष्णु प्रसाद मिश्रा 52 वर्ष के यहां से 28,000 रुपये कीमत का एक चांदी का मुकुट चोरी हुआ। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज किया है। इसी तरह छोटेलाल चक्रवर्ती 62 वर्ष के यहां से दिनदहाड़े सुबह 9 से 11 बजे के बीच चोरी ने वारदात को अंजाम दिया और 45,000 रुपये कीमत के तीन चांदी के मुकुट चोरी कर लिए गए। पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस संदिग्धों से पूछताछ और सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

### क्षेत्रीय मुद्दों को लेकर बनाई रणनीति व चलाया जाये अभियान



**स्लीमनाबाद।** ग्राम पंचायत भवन स्लीमनाबाद में कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष कुंवर सौरभ सिंह की मौजूदगी ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी के नेतृत्व में कांग्रेस मंडलम अध्यक्षों की बैठक आयोजित हुई जिसमें ग्राम पंचायतों में कांग्रेस समिति के गठन की रूपरेखा तय कर सभी मंडलम को आदेशित किया। मनरेगा का नाम बदलने पर चर्चा हुई, देश प्रदेश के अवॉर्डिड शहर इंदौर स्वच्छता रैंक में नंबर वन नगर निगम में गंदे पानी से हुई मौतों पर भी खेद व्यक्त किया गया। क्षेत्रीय मुद्दों पर कांग्रेस जनता के लिए सड़को पर सत्ता के खिलाफ आंदोलन की रणनीति बनाई गई। स्लीमनाबाद में नदी के पुनर्जीवन के लिए अभियान, एक्सप्रेस ट्रेनो के स्टॉपेज आंदोलन में जनता युवाओं छात्रों के संघर्ष उठाने राजस्व पुलिस की कार्यप्रणाली से त्रस्त जनता के साथ आगामी आंदोलनों पर भी चर्चा हुई। बैठक में मंडलम अध्यक्षद्वय प्रशांत जैन,राकेश साहू,दीपक तिवारी,राजकुमार हल्दकार,अनुराग मिश्रा, आदित्य दुबे, गेंदलाल आदिवासी, जगत चक्रवर्ती, राजेश हल्दकार, अरविंद अग्रहरी, अजय विश्वकर्मा, शेखर यादव धीरज यादव सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सरकारी स्कूल भवनों की दयनीय हालत, बारिश के मौसम में टपकती है छत

# विकट है समस्या : खस्ताहाल स्कूल भवनों में बच्चों पर मंडरा रहा खतरा, जिम्मेदार बेपरवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



सरकारी स्कूलों में यूं तो कई तरह की अव्यवस्थाएं हावी है। शिक्षकों की कमी से लेकर संसाधनों की तंगहाली से भी स्थिति दयनीय है। सबसे बड़ी समस्या जर्जर हो चुके शाला भवनों से बनी हुई है। जिले के कई स्कूल भवनों की स्थिति दयनीय हो गई है। शिक्षा विभाग और प्रशासन की लापरवाही के चलते हजारों विद्यार्थियों को जर्जर और खतरनाक भवनों में पढ़ाई करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। प्रशासन द्वारा स्कूल भवनों के सत्यापन और रिपोर्ट आने के बाद भी डिस्मेंटल (ध्वस्त) की कार्रवाई में कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। खतरे के साये के बीच हजारों बच्चे अध्ययन करने को विवश हैं। लोक निर्माण विभाग द्वारा जर्जर भवनों का सत्यापन कर दिया गया है, लेकिन इसके बावजूद शिक्षा विभाग ने अभी तक इन भवनों को ध्वस्त करने की दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की है। सत्यापन रिपोर्ट में यह स्पष्ट हो चुका है कि इन स्कूल भवनों में बच्चों का बैठना जानलेवा साबित हो सकता है, फिर भी संबंधित अधिकारियों द्वारा इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

कई स्कूल तो इतने जर्जर हैं कि वहां पढ़ाई ही नहीं हो पा रही, बच्चों को ग्राम पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केंद्र या सामुदायिक भवनों में जैसे-तैसे ठूंस दिया गया है। और जो स्कूल अभी भी पुराने ढांचे में चल रहे हैं, वे किसी भी दिन बच्चों के लिए कभी भी खतरनाक खंडहर साबित हो सकते हैं। शहरी से लेकर ग्रामीण अंचलों में विद्यालयों की खस्ताहल स्थिति के चलते बारिश में पानी टपकता है। कई स्कूलों में हादसों प्लास्टर टूटकर गिरने की घटनाएं हो चुकी है। बावजूद इसके शिक्षा विभाग के अफसर चैन की नींद में हैं।

### शिक्षा मंत्री को लिखा पत्र

विकासखंड ढीमरखेड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत मढ़ाना के शासकीय स्कूल भवनों की जर्जर स्थिति को लेकर सरपंच अंबिका सिंह ने स्कूल शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर ध्यानाकर्षण किया है।पत्र में बताया गया है कि ग्राम पंचायत मढ़ाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कई शाला भवन पूरी तरह से जर्जर हो चुके हैं, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई पर गंभीर असर पड़ रहा है। सरपंच द्वारा भेजे गए पत्र के अनुसार शासकीय प्राथमिक शाला भवन मढ़ाना, शासकीय प्राथमिक शाला भवन डहुली तथा शासकीय प्राथमिक शाला भवन डहुली टोला की स्थिति अत्यंत दयनीय है। भवनों की खराब हालत के कारण बीते चार वर्षों से इन स्कूलों का संचालन सामुदायिक भवनों में किया जा रहा है।

### अभिभावकों की बढ़ी चिंता

अंबिका सिंह ने पत्र में उल्लेख किया है कि जर्जर भवनों के कारण विद्यार्थियों को अध्ययन कार्य में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पर्याप्त शैक्षणिक सुविधाओं के अभाव में बच्चों की सुरक्षा और शिक्षा दोनों ही प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने शिक्षा मंत्री से शीघ्र नए स्कूल भवनों के निर्माण अथवा जर्जर भवनों के पुनर्निर्माण की मांग की है। ग्रामीणों और अभिभावकों में भी इस समस्या को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो बच्चों की शिक्षा के साथ-साथ उनकी सुरक्षा पर भी खतरा बना रहेगा। इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए शीघ्र ही ठोस व त्वरित कार्यवाही करने की मांग की गई है।



## लालच में न आये, साइबर फ्राड रहे सतर्क रहने किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड बहोरीबंद के सेक्टर क्रमांक–4 कोड़िया के अंतर्गत ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान के तहत ग्राम बडखेरा भरदा में ग्राम उत्सव, नशा मुक्ति एवं साइबर क्राइम जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत नशा मुक्ति जागरूकता दौड़ भी संपन्न हुई।यह कार्यक्रम नवांकुर संस्था ग्राम विकास राय बहादुर समिति कोड़िया एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कोड़िया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में थाना प्रभारी सुदेश सुमन, प्राचार्य बृजेश क्षत्रिय सहित शिक्षकगण धर्मेंद्र गुप्ता, सौरभ दुबे, पूजा सोनी तथा सामाजिक कार्यकर्ता सुरेन्द्र चक्रवर्ती, भूपेन्द्र दाहिया, गिरानी लाल कुशवाहा, अखिलेश यादव, बहादुर सिंह आदि का सराहनीय सहयोग रहा।नशा मुक्ति दौड़ में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को थाना प्रभारी द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर थाना प्रभारी सुदेश सुमन द्वारा साइबर अपराधों के प्रति विस्तृत जानकारी दी गईं। उन्होने इस्ट्राग्राम, फेसबुक, फोन पे, गूगल पे से संबंधित ऑनलाइन ठगी फर्जी काल, ओटीपी फ्राड आदि से बचाव तथा उपस्थित नागरिकों को नशा. मुक्ति की शपथ दिलाई गईं।

वहीं प्राचार्य बृजेश क्षत्रिय ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया।

*हरिदास ब्रजधाम कोहका में सप्ताह ज्ञान यज्ञ का चल रहा आयोजन*

## भक्तो के कष्ट हरने अवतरित होते है भगवान, धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



हरिदास ब्रजधाम कोहका में चल रहे बसन्तोत्सव पर्व में चल रहे सप्ताह ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिवस कथा व्यास पंडित रमाकांत पौराणिक द्वारा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के प्रसंग का वर्णन किया। बालकृष्ण की सुंदर झांकी देख श्रद्धालु विभोर हो गए। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर कथा पंडाल को गुब्बारों और फूलों से सजाया गया। नन्हें मुन्हें बच्चे भी कृष्ण रूप में श्रद्धालुओं को लुभा रहे थे। वसुदेव जब डलिया में बाल कृष्ण को डलिया में लेकर निकले तो उनकी एक झलक पाने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ मच गई। श्रद्धालु कृष्णभक्ति में विभोर होकर नाच उठे।

कथा वाचक ने कहा कि जीव जीवन भर अहंकार में जीता है लेकिन जब अंत समय निकट आता है तो उसे भगवान याद आते हैं। जीवन भर किए गए पाप अंत समय की गुहार से नहीं कट सकते, इसलिए प्रतिपल भगवान का सुमिरन करते रहे, जिससे आप पाप कर्मों की ओर नहीं बढ़ेंगे और सत्कर्मों की प्रेरणा मिलती रहेगी। वामन भगवान की कथा सुनाते हुए उन्होंने कहा कि तीन पग यानि धर्म, अर्थ काम हैं, यदि इनका ठीक प्रकार से निवर्हन हो गया तो मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। राजा बलि के दान से प्रसन्न होकर भगवान वामन ने जब वरदान देने को कहा तो बलि ने कहा कि भगवन आते जाते बस आपके दर्शन हो जाएं, मुझे और कुछ नहीं चाहिए, इस तरह बलि ने भगवान को अपना द्वारपाल बना लिया। बलि बाद में इंद्र बनकर इंद्र के सिंहासन पर विराजमान हुए। अर्थात भगवान की कृपा जब मिलती है तो संसार के सारे सुख भक्त की झोली में आ जाते हैं सायंकालीन आरती कर कथा को विश्राम दिया गया व प्रसाद का वितरण किया गया।

इस दौरान जिला पंचायत सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी,गणेश तिवारी, सुनील तिवारी,संजय दुबे, गुलाब यादव, महेश यादव, पवन यादव, गणेश यादव, राजेन्द्र यादव, रामनारायण यादव, राकेश ठाकुर ,मदन यादव सहित बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

## उद्यमिता एवं कैरियर निर्माण पर विद्यार्थियों को किया जागरूक



उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय बहोरीबंद में स्टार्टअप एवं उद्यमिता विषयक कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन स्टार्टअप दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को नवाचार, स्वरोजगार एवं उद्यमिता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया।कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य इंद्र कुमार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के संयोजक स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयोजक एवं अहमदाबाद से प्रशिक्षित टीपीओ नवीन गौतम रहे उन्होंने विद्यार्थियों को स्टार्टअप, इनक्यूबेशन, उद्यमिता विकास एवं स्वरोजगार के विभिन्न अवसरों की विस्तृत जानकारी प्रदान की।कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रवीण तिवारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक विनय जैन ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उद्यमिता एवं कैरियर निर्माण पर अपने विचार साझा किए।कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक दिव्या तिवारी, राजेंद्र कुमार उइके, मंजू द्विवेदी, महिमा तिवारी, ममिता पटले , ज्योति ताम्रकार,विवेक शुक्ला, आशीष सोनी, पूजा साहू, दसमंत दास पटेल सहित महाविद्यालय के समस्त स्टाफ का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ।

## डोकरिया जन शिक्षा केन्द्र की 6 स्कूलों का डाइट टीम द्वारा किया गया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



निपुण भारत योजना के तहत विकासखंड विजयराघवगढ़ के अंतर्गत जन शिक्षा केंद्र डोकरिया में चयनित प्राथमिक शाला डोकरिया, पडरिया, गोहावल एवं तीन अन्य विद्यालयों नाथूराम तालाब, छप्पन सागर एवं दीघी का डाइट टीम द्वारा अकादमिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान छात्रों के स्तर का आकलन, अभ्यास पुस्तिकाओं की जांच, दिनचर्या के अनुसार कार्य संपादन एवं पुस्तकालय प्रबंधन तथा संचालन की गहन समीक्षा की गई।

इस दौरान कहानी को सभी विषयों से जोड़ने का प्रायोगिक प्रदर्शन करने के साथ ही शिक्षकों को उनका स्वास्थ्य बेहतर रखने, अंग्रेजी भाषा में संवाद करने हेतु तकनीक का उपयोग करने हेतु टिप्स दिए गए। सभी विद्यालयों में निपुण भारत के लक्ष्यों को शीघ्र हासिल करने हेतु सुझाव भी दिए गए।

डाइट कटनी के वरिष्ठ व्याख्याता राजेन्द्र असाटी ने माध्यमिक शाला गोहावल में बच्चों को व्यवस्थित जीवन शैली अपनाते हुए प्रतिदिन स्कूल में उपस्थित होने की शपथ दिलाई। जबकि व्याख्याता उमाशंकर सैनी ने अंग्रेजी भाषा में संवाद हेतु सरल वाक्यों का कक्षा में संवाद के दौरान उपयोग करने का सुझाव दिया। वहीं जनशिक्षक चंद्रशेखर जायसवाल और सी एल चौधरी ने बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान के अंतर्गत कक्षा 2 और 3 के बच्चों का हिंदी, अंग्रेजी और गणित विषय में आकलन किया। साथ ही शिक्षकों को अधिक सजगता से बच्चों की अभ्यास पुस्तिकाओं की जांच के निर्देश दिए।

इस दौरान प्राथमिक शाला डोकरिया की प्रभारी द्वारा विद्यालय परिसर में अतिक्रमण की जानकारी दी गई जिस पर तुरंत संज्ञान लेते हुए बीआरसी विजयराघवगढ़ को अतिक्रमण हटाने हेतु विधि अनुसार कार्रवाई करने की सूचना दी गई।

*तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को लेकर बैठक का हुआ आयोजन*

## नगर निगम परिसर में सामूहिक विवाह कल, 33 जोड़े परिणय सूत्र में होंगे आबद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



बसंत पंचमी के पावन अवसर पर शुक्रवार 23 जनवरी को मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के अंतर्गत नगर निगम कटनी द्वारा 33 पात्र जोड़ों का सामूहिक विवाह एवं निकाह समारोह नगर निगम कार्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कराने हेतु नगर निगम कार्यालय में आयोजन समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने की।

बैठक में समिति सदस्यों के साथ चर्चा करते हुए महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आयोजन स्थल पर स्वच्छता, पेयजल एवं बैठने की समुचित व्यवस्था के साथ-साथ वर-वधुओं एवं उनके परिजनों के लिए गुणवत्तापूर्ण भोजन व्यवस्था, मंच सज्जा, विद्युत एवं ध्वनि व्यवस्था, विवाह एवं निकाह की सभी धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों हेतु आवश्यक सामग्री, सुरक्षा व्यवस्था, अतिथियों के स्वागत तथा पार्किंग की व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण कर ली जाएं, ताकि कार्यक्रम को गरिमामय स्वरूप प्रदान किया जा सके।

बैठक में पूर्व नगर निगम अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रहरि, नंदकुमार बसरानी ,पूर्व पार्षद श्रीमती ऋचा गेलानी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं समिति सदस्यों एवं अधिकारियों की उपस्थिति रही। सभी ने आयोजन को सफल बनाने हेतु अपने-अपने सुझाव साझा किए और जिम्मेदारियों का निर्धारण किया गया।

बैठक में यह भी बताया गया कि शासन की मंशानुसार सामूहिक विवाह समारोह के दौरान प्रत्येक वर-वधु को आर्थिक सहायता डीबीटी के माध्यम से प्रदान की जाएगी, जिससे नवदंपत्ति अपने वैवाहिक जीवन की नई शुरुआत सम्मान के साथ कर सकें। सामूहिक विवाह कार्यक्रम मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों को सीधा लाभ प्रदान करते हुए सादगीपूर्ण विवाह परंपरा को बढ़ावा देगा तथा बेटियों के सम्मान, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का सशक्त उदाहरण बनेगा।

### ग्रामोदय से अभ्युदय मप्र अभियान के तहत विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

## नुक्कड़ नाटक से दहेज प्रथा उन्मूलन एवं पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान





जन अभियान परिषद विकासखंड ढीमरखेड़ा द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन शासकीय महाविद्यालय उमरियापान में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन के साथ हुआ। कार्यक्रम के दौरान सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राओं, नवांकुर संस्थाओं एवं प्रस्फुटन समिति के सदस्यों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। वहीं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशामुक्ति, दहेज प्रथा उन्मूलन एवं पर्यावरण संरक्षण का प्रभावी संदेश दिया गया।

जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ. तेजसिंह केशवाल ने बताया कि ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान 12 से 26 जनवरी तक संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर तक रैली, चौपाल, ग्रामोत्सव एवं सामूहिक श्रमदान जैसे आयोजन किए जाएंगे। इन गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला मंत्री (पूर्व) विजय दुबे ने ग्रामीण विकास की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक कैसे पहुंचे, इस पर विस्तार से चर्चा की।

मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया ने शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी, वहीं पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेश चौरसिया ने विकसित भारत जी रामजी योजना के बारे में बताया। समाजसेवी राजेश ब्यौहार ने विद्यार्थियों को जीवन में सकारात्मक बदलाव और सामाजिक कार्यों के प्रति प्रेरित किया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष दुबे ने ढीमरखेड़ा में जन अभियान परिषद द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उमरियापान थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने नशामुक्ति को लेकर जागरूक करते हुए नशा न करने की समझाइश दी। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सीएमसीएलडीपी छात्र-छात्राओं एवं जन अभियान परिषद के सदस्यों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक बबीता शाह, उपसरपंच रिंकू मिश्रा, दिनेश असाटी, राहुल पांडेय, राकेश यादव, राजेन्द्र चौरसिया, सेक्टर प्रभारी प्रकाशनाथ साहू, कोदुलाल हल्दकार मौजूद थे।

## घंटाघर मार्ग के 7 अतिक्रमण को हटाने की गई कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जगन्नाथ चौक से घंटाघर तक प्रस्तावित शेष मार्ग के चैड़ीकरण कार्य के तहत नगर निगम प्रशासन द्वारा बुधवार को सयुक्त अभियान चलाकर मार्ग में बाधक बन रही चिन्हित 7 चिन्हित संरचनाओं को हटाने की कार्यवाही की गई। यह कार्यवाही राजस्व विभाग एवं नगर निगम के संयुक्त अमले की मौजूदगी में की गई।

निगम के सहायक यंत्री सुनील सिंह एवं अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह नें बताया कि जगन्नाथ चौक से घंटाघर मार्ग चैड़ीकरण की योजना के अंतर्गत पहले से चिन्हित अतिक्रमणों एवं स्थायी संरचनाओं को हटाने की प्रक्रिया चरणबद्ध रूप से निरंतर जारी है। बुधवार को की गई कार्यवाही के दौरान संबंधित दुकानदारों एवं भवन स्वामियों को पूर्व में दिए गए नोटिस के आधार पर संरचनाएं हटाई गईं, जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो।

नगर निगम प्रशासन के अनुसार स्थल के कुछ दुकानदारों द्वारा दुकान में रखी सामग्री को अलग करने हेतु की गई मांग को दृष्टिगत रखते हुए आज उक्त स्थलों पर चिन्हित संरचाओं को हटाने की कार्यवाही नहीं की गई। गुरुवार को इसी मार्ग पर पुनः वृहद स्तर पर अभियान संचालित किया जाएगा, जिसमें शेष अतिक्रमणों को हटाने के साथ ही निर्माण कार्य के लिए मार्ग को पूरी तरह तैयार किया जाएगा। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अभियान के दौरान सहयोग करें तथा स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाकर शहर के विकास कार्यों में सहभागिता निभाएं।

## खबर संक्षेप

### आईटीआई में हुआ विधिक जागरूकता शिविर

**कटनी।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में आवाज फाउंडेशन एवं आईटीआई कॉलेज के संयुक्त सहयोग से आइटीआई एनकेजे में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर व्यवहार न्यायाधीश सुमित शर्मा ने शिविर में छात्र-छात्राओं को पॉस्को कानून, श्रम कानून, अप्रेंटिस एक्ट, आईटी एक्ट एवं विभिन्न महत्वपूर्ण कानूनों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही कानूनों के प्रावधानों, उनके महत्व तथा छात्रों के अधिकारों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट लीगल एंड ऑफिसर हर्षित बिसेन ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यप्रणाली, विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के तहत निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने की पात्रता तथा भारत के संविधान में निहित मौलिक अधिकारों के बारे में छात्रों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग निःशुल्क विधिक सहायता का लाभ उठा सकते हैं। कार्यक्रम में पैरालीगल वालेंटियर, प्राचार्य, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राए उपस्थित रहें।

### सरपंच ने करवाई पानी टँकी की सफाई



**बड़वारा।** बड़वारा ग्राम की सरपंच श्रीमति सुनैना बाई तेकाम के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रांगण के समीप निर्मित पेयजल टँकी की साफ सफाई करवाई गई एवम जल सुद्धि करण करने के लिए ब्लीचिंग पाउडर भी डलवाया गया है। ग्राम की सरपंच श्रीमती सुनैना बाई तेकाम ने बताया कि शासन के द्वारा जनहित में लागू पँचायत स्तर की प्रत्येक योजनाओं को लागू करवाने का हर सम्भव प्रयास किया जाएगा। सरपंच ने कहा कि ग्राम के सभी पात्र व्यक्तियों को शासन द्वारा दी जाने वाली योजनाओं से लाभान्वित करना हमारी प्राथमिकता है। सरपंच प्रतिनिधि ओमकार सिंह तेकाम उर्फ खली ने कहा ग्राम पंचायत बड़वारा में कोई भी व्यक्ति शासन द्वारा लागू की गई योजनाओं से वंचित नहीं रहने पाए यह हमारे ग्राम पंचायत सरपंच की प्रतिबद्धता है। प्रत्येक व्यक्ति को स्वच्छ पेयजल एवम शासन द्वारा दी जाने वाली बुनियादी सुविधाएं हर हाल में उपलब्ध करवाई जाएंगी।

### भगवान वामन अवतार का हुअ पूजन अर्चन

**सिलौंडी।** सिलौंडी में चल रही श्रीमद भागवत कथा में तीसरे दिन कथा व्यास दिव्य कृष्ण महाराज ने बताया कि भगवान ने वामन अवतार का लेकर राजा बलि के अहंकार का नाश किया था । ये अहंकार ही है जो मानव को पाप की ओर ले जाता है । स्वयं को भगवान से बढ़ा मानने लगता है ।विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी, पान उमरिया मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया,पूर्व जिला मंत्री , सिलौंडी सरपंच पंचों संतोष कुमार ने कथावाचक का सम्मान कर आशीर्वाद लिया ।भगवान वामन अवतार की अनुपम झांकी को देखकर लोगों मनमुग्ध हो गए । भगवान वामन अवतार की पूजन अर्चन किया गया ।इस दौरान विमला राय ,सतेंद्र रमा राय , जनपद पंचायत उपाध्यक्ष दुर्गा परस पटेल ,महामंत्री अंकित झरिया राधा राय ,सेवा राम साहू ,प्रकाश चंद्र राय सहित हजारों भक्त रहे ।

### स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन 28 को

**कटनी।** जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने हेतु एक ही छत के नीचे रोजगार की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर विकासखण्ड बहोरीबंद स्थित वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय, बहोरीबंद में बुधवार 28 जनवरी को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक एक दिवसीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले (युवा संगम) का आयोजन किया गया है।

---

#### पीपीपी मॉडल मेडिकल कॉलेज सहित विकास एवं निर्माण कार्यों का करेंगे भूमिपूजन व लोकार्पण

# मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय मंत्री का आगमन कल कलेक्टर एसपी ने लिया तैयारियों का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, रसायन और उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा का शुक्रवार 23 जनवरी को कटनी प्रवास प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के प्रस्तावित प्रवास के मद्देनजर बुधवार को विधायक मुड़वारा संदीप जायसवाल, कलेक्टर आशीष तिवारी और पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने झिंझरी स्थित होमगार्ड मैदान में पहुंचकर सभा स्थल की व्यवस्थाओं एवं तैयारियों का जायजा लिया।

### लगाई जाएगी प्रदर्शनी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को झिंझरी होमगार्ड मैदान में होने वाली जनसभा में जन-निजी भागीदारी आधारित चिकित्सा महाविद्यालय का शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा जिले में संचालित अन्य कई विकास एवं निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण भी करेंगे। कलेक्टर श्री तिवारी के निर्देश पर सभा स्थल परिसर में विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों और उपलब्धियों पर आधारित विकास प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी।

### इनकी रही मौजूदगी

इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा, संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, डिप्टी कलेक्टर प्रदीप मिश्रा, ननि उपायुक्त शैलेष गुप्ता, कार्यपालन यंत्री एमपीईबी मुकेश महोबे, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण शारदा सिंह, तहसीलदार अतुलेश सिंह, सीईओ जनपद पंचायत कटनी प्रदीप सिंह सहित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### उपार्जन में लापरवाही पर 4 केंद्र प्रभारियों को किया गया दो वर्षों तक उपार्जन कार्य से पृथक



खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान उपार्जन केंद्रों में लापरवाही बरतने वाले उपार्जन केन्द्र प्रभारियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के कलेक्टर आशीष तिवारी के सख्त निर्देश और कड़े रूख की वजह से उपार्जन केन्द्रों में अनियमितता पाये जाने पर चार उपार्जन केन्द्र प्रभारियों को आगामी दो वर्षों के लिए उपार्जन कार्य से पृथक कर दिया है। जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार ने बताया कि कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा गठित अधिकारियों के संयुक्त जांच दल द्वारा निरीक्षण के दौरान उपार्जन केन्द्र कौड़ियि, हथियागढ़, निगहरा एवं विजयराघवगढ़ में दस्तावेजों का संधारण नियमानुसार नहीं किया जाना, धान की बोरियों में स्टेंसिल और टैग का न होना और तौल कार्य में खामियां पाई गई। जिसके बाद चारों उपार्जन केन्द्र प्रभारियों को 'कारण बताओ नोटिस' जारी किया गया था। परंतु उपार्जन केन्द्र प्रभारियों द्वारा कारण बताओ नोटिस का समाधानकारक जवाब नहीं दिये जाने पर पर उपार्जन केंद्र विजयराघवगढ़ के प्रभारी रामनारायण गर्ग, उपार्जन केंद्र निगहरा के प्रभारी बसंत सिंह, उपार्जन केंद्र कौड़िया के प्रभारी पंकज पाण्डेय और उपार्जन केंद्र हथियागढ़ के प्रभारी गजराज पटेल को आगामी 2 वर्ष के लिये उपार्जन कार्य से पृथक कर दिया गया।

---



## संयुक्त कार्यवाही कर 26 वाहन किये जब्त, 3500 रुपये जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर में यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित एवं सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम कटनी एवं यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से अतिक्रमण विरोधी अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को देर शाम मिशन चौक से जगन्नाथ चौक तक के मुख्य मार्ग पर विशेष अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान मार्ग के दोनों ओर अव्यवस्थित रूप से खड़े वाहनों तथा दुकानों के बाहर रखी सामग्री के कारण यातायात बाधित पाया गया। संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए लगभग 26 वाहनों को जप्त किया गया तथा सार्वजनिक मार्ग पर सामग्री रखकर आवागमन में बाधा उत्पन्न करने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध 3500 रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया।

इस कार्रवाई से मुख्य मार्ग पर यातायात व्यवस्था सुचारू हुई एवं नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा प्राप्त हुई। अभियान के दौरान संबंधित व्यक्तियों को भविष्य में अतिक्रमण न करने की सख्त समझाइश दी गई, साथ ही पुनरावृत्ति की स्थिति में कठोर वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।

पुलिस बल की मौजूदगी में अभियान शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराया गया। इस दौरान यातायात प्रभारी राहुल पांडे, अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह सहित नगर निगम के अतिक्रमण अमले एवं यातायात पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह ने बताया कि नगर को अतिक्रमण मुक्त बनाए रखने के लिए इस प्रकार के अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेंगे।

---

*ग्राम बम्हनी से कलेक्टर कार्यालय पहुंचे आदिवासी परिवारों ने बताई व्यथा*

## आधा सैकड़ा से अधिक आदिवासी परिवारों ने पट्टा दिलाने जाने को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



आदिवासी बाहुल्य ढीमरखेड़ा तहसील के आधा सैकड़ा से अधिक आदिवासी परिवार बुधवार को अपनी मांगों को लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। मध्य करौंदी गांव (बम्हनी पंचायत) के इन परिवारों ने सामूहिक रूप से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर उस जमीन पर मालिकाना हक (पट्टा) देने की मांग की है, जिस पर वे पिछले 20 वर्षों से खेती कर रहे हैं।

ग्रामीणों का नेतृत्व कर रहे हनुमान सिंह गौड़ ने बताया कि ये सभी परिवार पूरी तरह भूमिहीन हैं। वे वर्ष 2005 से ही गांव की 'घास की जमीन' पर खेती कर अपना और अपने परिवार का पेट पाल रहे हैं। उनके पास आय का कोई दूसरा साधन नहीं है। हालांकि, लंबे समय से काबिज होने के बावजूद उनके पास कोई वैध सरकारी दस्तावेज नहीं है, जिसके कारण उन्हें हमेशा प्रशासन द्वारा बेदखली का डर सताता रहता है।

ज्ञापन में ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पट्टे की मांग को लेकर वे पहली बार गुहार नहीं लगा रहे हैं। इससे पहले भी तहसील स्तर और जनसुनवाई में कई बार आवेदन दिए गए, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। बार-बार मिल रहे आश्वासनों से थक-हारकर अब इन परिवारों ने आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है। ज्ञापन में मांग की गई है कि भूमिहीन परिवारों को तत्काल 'वनाधिकार पट्टा' या किसी सरकारी योजना के तहत मालिकाना हक दिया जाए। राजस्व दस्तावेजों में ग्रामीणों के नाम दर्ज किए जाएं। जब तक पट्टे की प्रक्रिया पूरी नहीं होती, तब तक उन्हें जमीन से बेदखल न किया जाए।

आदिवासी समूहों ने स्पष्ट शब्दों में प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि इस बार भी उनकी मांगों को नजरअंदाज किया गया, तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। फिलहाल, कलेक्टर कार्यालय ने ग्रामीणों का ज्ञापन स्वीकार कर लिया है और मामले की उचित जांच कराने का आश्वासन दिया है।

---

## हिंदू सम्मेलन को लेकर निकली कलश शोभायात्रा



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में 27 जनवरी को उमरियापान में आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन के पूर्व मंगलवार को नगर में कलश शोभायात्रा निकाली गई ।कलश यात्रा नगर के प्राचीन बड़ीमाई मंदिर से बैंड-बाजों के साथ प्रारंभ हुई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई हिंदू सम्मेलन के लिए प्रस्तावित स्थल अंधेली बाग खेल मैदान पहुंची, जहां यात्रा का समापन हुआ ।यात्रा में रथ वाहन को विशेष रूप से सजाया गया था, जिसमें भगवान श्रीराम-जानकी दरबार, भारत माता के चित्रों के साथ कलश को विराजमान किया गया। कलश शोभायात्रा का नगर में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत एवं पूजन किया गया। इस दौरान नगर के झंडा चौक पर प्रदेश शासन की राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी यात्रा में सम्मिलित हुईं। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने नगरवासियों को हिंदू सम्मेलन में शामिल होने का निमंत्रण भी दिया गया। कलश यात्रा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक, माताएं-बहनें एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

---

## मां जालपा एवं 64 योगिनियों का 25 को अभिषेक, 26 को निकलेगी चुनरी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आगामी 26 जनवरी को मां जालपा की चुनरी यात्रा निकाली जावेगी। इससे पूर्व 25 जनवरी को मातारानी जालपा सहित 64 योगनियों का अभिषेक पूजन होगा।

जालपा मंदिर विकास समिति सहित महिला मंडल की आयोजित बैठक में लिये गये निर्णय की जानकारी देते हुए समिति सदस्यों ने बताया कि इस वर्ष मॉ जालपा का 21 वॉ वार्षिकोत्सव तथा 64 योगिनी स्थापना का 14 वॉ वर्ष है।

25 जनवरी को प्रातः 10 बजे से जालपा मंदिर प्रांगण में मॉ जालपा सहित 64 योगिनी का पूजन अभिषेक आयोजित होगा। 26 जनवरी को सायंकाल 5 बजे से मेन रोड़ स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर से 111 मीटर लंबी चुनरी की यात्रा मॉ जालपा को अर्पित करने हेतु प्रारंभ होगी जो सुभाष चैक, कपड़ा बाजार, झंडा बाजार, सुक्खन चैक, शेर चैक, आजाद चैक, चांडक चैक होते हुये जालपा मंदिर पहुॅचेगी जहॉ मॉ को चुनरी अर्पित करने के उपरांत महा आरती एवं प्रसाद वितरण होगा। इस वर्ष चुनरी यात्रा मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालु जन रंगोली सजाकर कलश व दीप प्रज्जवलित कर चुनरी का पूजन करेंगे तथा चुनरी यात्रा का स्वागत पुष्प वर्षा कर करेंगे। चुनरी यात्रा में बजरंग बाल रामायण समाज द्वारा भजन-कीर्तन का प्रस्तुतीकरण किया जावेगा तथा आकर्षक पालकी में मातारानी विराजित होगी। 27 जनवरी दिन मंगलवार को मंदिर प्रांगण में कन्याभोज व विशाल भंडारे का आयोजन होगा। चैंसठ योगनी स्थापना के यजमानों से निवेदन है कि वे आवष्यक रुप से अभिशेक में उपस्थित होकर पूजन में शमिल हों।

उक्त आयोजन हेतु गत दिवस बैठक लालजी पंडा की अध्यक्षता व राजू अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई जिसमें समिति के प्रेम प्रकाष दीक्षित, मामा त्रिपाठी, बबलू चौदहा, जमुना बिचपुरिया, लल्लू सोनी, गोपाल सिंघानियां, ओम प्रकाश टुडहा, सुरेश अग्रवाल, विपुल कोटक, बिहारीलाल सोनी, अशोक नगरिया, संजय कनकने, नरेश छाबडा, प्रकाश कचेर, मूलचंद त्रिपाठी,पंकज निगम, श्याम ताम्रकार, चंदन सोनी, आनंद बर्मन महिला मंडल की मंजु तोलाारिया, अर्चना अग्रवाल आदि मौजूद रहीं।

---

*समय सीमा में गुणवत्ता के साथ कार्य को पूर्ण कराने के दिये निर्देश*

## महापौर ने नवीन चौपाटी का किया निरीक्षण, कहा छोटे व बड़े दुकानदारों को मिले सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



शहर के सौंदर्यीकरण एवं नागरिक सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में निर्माणाधीन नवीन चौपाटी का बुधवार को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने मेयर इन काउंसिल सदस्यों एवं अधिकारियों के साथ विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने निर्माण कार्यों की बारीकी से समीक्षा करते हुए मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

महापौर ने चौपाटी के ड्राइंग एवं डिजाइन का अवलोकन करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि चौपाटी में प्रस्तावित दुकानों का निर्माण इस प्रकार किया जाए, जिससे छोटे एवं बड़े दोनों प्रकार के दुकानदारों को व्यापार करने में समान सुविधा प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि चौपाटी केवल व्यापारिक केंद्र न होकर शहरवासियों के लिए एक सुव्यवस्थित, आकर्षक एवं सुरक्षित सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित की जानी चाहिए।

निरीक्षण के दौरान महापौर ने निर्माण की गुणवत्ता पर विशेष बल देते हुए कहा कि सभी कार्य निर्धारित मानकों एवं नियमों के अनुरूप ही किए जाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा सभी प्रक्रियाएं पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न हों। साथ ही, कार्य की गति तेज करते हुए निर्धारित समय-सीमा में चौपाटी निर्माण को पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।

महापौर सूरी ने कहा कि नवीन चौपाटी नगर के समग्र विकास की दिशा में एक दूरदर्शी पहल है, जिसका उद्देश्य नागरिकों को सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना है। चौपाटी के माध्यम से स्थानीय छोटे एवं मध्यम वर्ग के दुकानदारों को स्थायी आजीविका का अवसर प्राप्त होगा, जिससे आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह विकास कार्य जनकल्याण, स्वरोजगार संवर्धन एवं शहरी सौंदर्यीकरण का सशक्त उदाहरण बनेगी, जो भविष्य में शहर की सामाजिक-आर्थिक प्रगति को नई दिशा प्रदान करेगी।

इस दौरान एमआईसी सदस्य डॉ. रमेश सोनी, सुभाष साहू, पार्षद सीमा श्रीवास्तव, शकुन्तला सोनी, पूर्व पार्षद डब्बू रजक, प्रभारी सहायक यंत्री अनिल जायसवाल सहित नगर निगम के अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

---

#### कटनी जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना से

# स्वास्थ्य सुविधाओं को मिलेगा नया आयाम

**कटनी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दूरदर्शी नेतृत्व एवं जनकल्याणकारी सोच के परिणाम स्वरूप कटनी जिले को शुक्रवार 23 जनवरी को मेडिकल कॉलेज के रूप में महत्वपूर्ण सौगात मिलने जा रही है। इससे भविष्य में आमजन को जिले में ही विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं बेहतर और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। इसके अलावा आपातकालीन स्थितियों में भी मरीजों को तुरंत ईलाज की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। जिससे गंभीर एवं जटिल बीमारियों के उपचार हेतु यहां के मरीजों को बड़े शहरों में उपचार हेतु नहीं जाना पड़ेगा। कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने बताया कि नेशनल मेडिकल काउंसिल के मानकों पर आधारित 150 सीट का पीपीपी मॉडल पर अत्याधुनिक मेडिकल कॉलेज प्रस्तावित है। जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति होगी और चिकित्सा शिक्षा कराई जायेगी। साथ ही फंक्शनल मेडिकल कॉलेज के



रूप में जिला चिकित्सालय कटनी को इससे संबद्ध किया गया है। कलेक्टर ने बताया कि जिला चिकित्सालय वर्तमान में 350 बिस्तर का अस्पताल है। जब यह मेडिकल कॉलेज फंक्शनल होगा तब यह 605 बेड में कन्वर्ट कर दिया जायेगा। जिसका 75 प्रतिशत अर्थात 450 बेड वर्तमान की ही तरह विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ निःशुल्क रहेगा। इससे कटनी वासियों के साथ-साथ उमरिया, मैहर, पन्ना, शहडोल के सहित आस-पास के लोगों को भी उत्कृष्ट डॉक्टर एवं उन्नत मशीनों के निःशुल्क चिकित्सा सुविधायें उपलब्ध होगी। 150 मेडिकल सीटों में छात्रों का एडमिशन नीट परीक्षा के माध्यम से होगा। जिसमें प्रदेश के साथ-साथ देश भर के छात्रों के एडमिशन होंगे। मेडिकल कॉलेज खुलने के बाद कटनी शहर में मेडिकल सेक्टर को बढ़ावा मिलेगा। प्राइवेट अस्पताल भी बढ़ेंगे। जिससे शहर की अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा।

मेडिकल कॉलेज के माध्यम से जिले में विषय विशेषज्ञ डॉक्टरों, प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ एवं पैरामेडिकल कर्मियों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। अत्याधुनिक जांच एवं उपचार सुविधाएँ जैसे सीटी स्कैन, एमआरआई, लीनियर एक्सीलेरेटर आदि उपलब्ध होने से जटिल ऑपरेशन एवं गंभीर रोगों का उपचार स्थानीय स्तर पर संभव हो सकेगा। जिला अस्पताल का उन्नयन होकर वह मेडिकल कॉलेज से संबद्ध होगा, जिससे बढ़ती मरीज संख्या के बावजूद बेहतर उपचार मिल सकेगा। इसके साथ ही रेफरल के दौरान होने वाली ट्रांसपोर्ट डेथ की घटनाओं में भी उल्लेखनीय कमी आएगी।

मेडिकल कॉलेज की स्थापना से जिले को आर्थिक एवं सामाजिक लाभ भी प्राप्त होंगे। डॉक्टर, नर्स, तकनीशियन, पैरामेडिकल स्टाफ एवं अन्य सहायक कर्मचारियों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। कॉलेज के आसपास रियल एस्टेट, आवास, होटल, भोजनालय एवं छोटे व्यवसायों को बढ़ावा मिलेगा, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था सशक्त होगी। साथ ही यह संस्थान चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान का प्रमुख केंद्र बनेगा, जिससे जिले के विद्यार्थियों को अपने ही क्षेत्र में मेडिकल शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच एवं गुणवत्ता में भी उल्लेखनीय सुधार होगा। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों एवं गरीब वर्ग को निःशुल्क उपचार की सुविधा मिलेगी। मरीजों को इलाज के लिए दूर शहरों में नहीं जाना पड़ेगा, जिससे समय एवं धन दोनों की बचत होगी। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, कुपोषण, एनीमिया, टीबी, मलेरिया, सिकल सेल रोग, कैंसर, हृदय, किडनी एवं लीवर जैसे गंभीर रोगों के निदान एवं उपचार में मेडिकल कॉलेज की अहम भूमिका रहेगी। मेडिकल कॉलेज शासन की प्रमुख स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का भी एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। आयुष्मान भारत, जननी सुरक्षा योजना, प्रसूति सहायता योजना, टीबी एवं कैंसर उपचार, कृत्रिम अंग एवं दिव्यांगता सहायता जैसी योजनाओं के माध्यम से जिले के नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा।कटनी मेडिकल कॉलेज की स्थापना से जिला स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा और नागरिकों को बेहतर, सुलभ एवं आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में यह एक ऐतिहासिक एवं निर्णायक कदम सिद्ध होगा।

---

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शादी का झांसा देकर युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाने और बाद में वादे से मुकरने वाले एक युवक को पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज होने के कुछ ही घंटों के भीतर सलाखों के पीछे भेज दिया है। जानकारी के अनुसार प्रार्थिया ने 18 जनवरी को महिला थाना कटनी में उपस्थित होकर लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। प्रार्थिया ने आरोप लगाया कि आरोपी पवन मोटवानी ने उसे शादी का प्रलोभन देकर लंबे समय तक उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। जब प्रार्थिया ने शादी का दबाव बनाया, तो आरोपी ने स्पष्ट रूप से इनकार कर दिया और उसे धोखा दिया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष कुमार डेहरिया के निर्देशन में एक विशेष टीम का गठन किया गया। महिला थाना प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी की तलाश शुरू की। सूचना के आधार पर आरोपी पवन मोटवानी उर्फ प्रशांत 29 वर्ष निवासी गुरुनानक वार्ड नं. 20, झूलेलाल मंदिर के पास, थाना कोतवाली को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 69 के तहत अपराध क्रमांक 03/26 पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही पूर्ण की है।

आरोपी को चंद घंटों में गिरफ्तार करने में महिला थाना प्रभारी निरी. वर्षा सोनकर, सउनि प्रमोद गौतम, सुनील वर्मा, प्रधान आरक्षक सुनीता सिंह, आरक्षक सोमनाथ कुर्मी और आरक्षक चालक कोमल चौधरी की सराहनीय भूमिका रही।

**खबर संक्षेप**

### अप्रिन्टिस मेला का आयोजन 27 जनवरी को

**दमोह।** शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय जबलपुर नाका दमोह म.प्र. में निजी क्षेत्र की विभिन्न कम्पनियो द्वारा सीधा वैतनिक रोजगार उपलब्ध कराने के साथ साथ स्वारोजगार योजनाओ की जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान कराने के उद्देश्य से 27 जनवरी को प्रातः 11 बजे से रोजगार स्वारोजगार एवं अप्रेन्टिस मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे संभावित कम्पनियो द्वारा योग्यता 10वी, 12वी, स्नातक, आई.टी.आई. फिटर/ इलेक्ट्रीशिन/ इनस्टुमेंनटेशन/ डीजल मेक/बेल्डर ( 5 वर्ष से 10 वर्ष का अनुभव)/ डिप्लोमा पास हो आयु 18-45 वर्ष के मध्य हो वे कम्पनीयो के विभिन्न पद जैसे स्पोर्ट ऑफीसर ,बीमा सखी, शिक्षक, सर्विस एक्जीकेटिव/ एच.आर /मैनेजर, ट्रेनिज / मशीन ऑपरेटर/ कस्टमर केयर जनरल ड्यूटी आदि पदो पर साक्षात्कार के लिए अपने समस्त प्रमाण पत्रो बायोडाटा एवं समग्र आई.डी. के साथ उपस्थित होकर लाभ ले सकते है कम्पनी मे भर्ती कम्पनी के नियम एवं शर्तो के आधार पर ही की जायेगी युवा संगम में उपस्थित होने के पूर्व पंपलेट पर दिये गये क्यू.आर. कोड से अपना रजिस्ट्रेशन अवश्य करे।

### परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम आज

**दमोह।** शासकीय सांदीपनि विद्यालय बटियागढ़ में मध्यप्रदेश शासन के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल विद्यार्थियों के बीच उपस्थित होकर परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में भाग लेंगे। तनाव प्रबंधन विषय पर अपने उद्बोधन से विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं की समस्याओं का समाधान उनके द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देंगे। इसी तरह शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह में दमोह विधायक जयंत मलैया छात्राओं के बीच उपस्थित रहकर परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में भाग लेंगे।

### बुंदेली मेला उत्सव समिति द्वारा आज कृषक संगोष्ठी का आयोजन

**दमोह।** देली मेला उत्सव समिति दमोह द्वारा 22 जनवरी 2025 को तहसील ग्राउंड परिसर में सुबह 11:00 से एक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया है जिसमें कृषकों को आधुनिक कृषि तकनीकी पराली एवं नरवाई प्रबंधन प्राकृतिक खेती पशुपालन एवं गांव संवर्धन मृदा परीक्षण एवं समसामयिक विषयों पर विषय विशेषज्ञों द्वारा कृषको को प्रशिक्षण दिया जाएगा उक्त कृषक संगोष्ठी में दमोह जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कृषकों, नवाचार करने वाले कृषकों एवं युवा उद्यमी किषको को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है।

## सिंग्रामपुर बोर्ड परीक्षा केंद्र को लेकर एनएसयूआई का सरकार पर दबाव

# 30 किमी दूर जाकर परीक्षा देने मजबूर छात्र

### 20 गांवों का भविष्य दांव पर, मंत्री के आश्वासन के बाद भी कार्रवाई शून्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंग्रामपुर/जबेरा

दमोह जिले की जबेरा विधानसभा अंतर्गत जबेरा विकासखंड के ग्राम सिंग्रामपुर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (रानी दुर्गावती) में बोर्ड परीक्षा केंद्र नहीं होने से ग्रामीण अंचल के छात्र-छात्राओं की परेशानी अब आंदोलन की दहलीज पर पहुंच गई है। हालात यह हैं कि 20 से अधिक गांवों के विद्यार्थियों को हर वर्ष लगभग 30 किलोमीटर दूर जबेरा जाकर परीक्षा देनी पड़ती है, जो न सिर्फ कठिन बल्कि जोखिम भरा भी साबित हो रहा है। खराब सड़कें, सीमित यातायात साधन और आर्थिक तंगी के चलते कई छात्र हर साल परीक्षा से वंचित रह जाते हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों विद्यार्थियों का शैक्षणिक भविष्य अधर में लटक गया है।



### फिर सौंपा ज्ञापन

छात्रों की इस गंभीर समस्या को लेकर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (NSUI) ने एक बार फिर प्रशासन पर दबाव बनाया है। NSUI विधानसभा अध्यक्ष प्रवीण राय के नेतृत्व में संगठन ने जबेरा तहसीलदार सोनम पांडे के माध्यम से कलेक्टर दमोह को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि शैक्षणिक सत्र 2025–26 से सिंग्रामपुर स्थित विद्यालय को पुनः बोर्ड परीक्षा केंद्र घोषित किया जाए। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अखिलेश सोनी, जनपद सदस्य दीपक यादव, नगर अध्यक्ष विवेक तिवारी सहित गोलू विश्वकर्मा, दिनेश दुबे, जय विश्वकर्मा, दीपक यादव, शिवम विश्वकर्मा, सुमित साहू, रवि सोनी, नितिन राय, राहुल ठाकुर, शेखर राय तथा बड़ी संख्या में NSUI कार्यकर्ता और छात्र मौजूद रहे।

### अब यह असुविधा नहीं, जान का खतरा है

NSUI पदाधिकारियों ने बताया कि आलोनी, चौरई, काबरा, सहसना, रामसलैया, पिपरिया सहित करीब 20 गांवों के छात्र इसी विद्यालय में पढ़ते हैं, लेकिन परीक्षा के समय उन्हें कई किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। इससे पढ़ाई के साथ-साथ छात्रों की सुरक्षा और आर्थिक स्थिति पर भी गंभीर असर पड़ रहा है। छात्र अनिकेत विश्वकर्मा ने बताया कि पिछले वर्ष परीक्षा देने जाते समय टू-व्हीलर से जाते हुए उनका गंभीर सड़क हादसा हो गया था। उन्हें लगभग चार माह तक जबलपुर में इलाज कराना पड़ा और वे परीक्षा नहीं दे सके। इस घटना के बाद छात्रों और अभिभावकों में भय का माहौल है। छात्रों का कहना है कि अब यह समस्या केवल असुविधा नहीं, बल्कि जान का खतरा बन चुकी है।

### मंत्री के आश्वासन पर सवाल, अब तक निर्णय क्यों नहीं?

छात्रों ने बताया कि बीते महीने क्षेत्र भ्रमण पर आए स्थानीय विधायक एवं संस्कृति व पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी को भी इस संबंध में ज्ञापन सौंपा गया था। उस दौरान मंत्री ने मौके पर ही जिला शिक्षा अधिकारी से फोन पर चर्चा कर छात्रों को आश्वासन दिया था कि उनकी मांग को माध्यमिक शिक्षा मंडल और शिक्षा मंत्री तक पहुंचाया जाएगा।हालांकि, मंत्री के आश्वासन के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से छात्रों में गहरा आक्रोश है। इसी के चलते NSUI के नेतृत्व में दोबारा ज्ञापन सौंपकर सरकार और प्रशासन को चेताया गया है।

### आंदोलन की चेतावनी

छात्र ऋषभ, जय और शुभराज ने स्पष्ट कहा कि यदि सिंग्रामपुर में बोर्ड परीक्षा केंद्र नहीं बनाया गया, तो छात्र आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। वहीं ग्रामवासियों ने भी एक स्वर में कहा कि जबेरा जाकर परीक्षा देना उनकी आर्थिक और सामाजिक क्षमता से बाहर है।

NSUI ने दो टूक कहा है कि यदि समय रहते निर्णय नहीं लिया गया, तो ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों की शिक्षा और भविष्य पर पड़ने वाले दुष्परिणामों की जिम्मेदारी शासन और जनप्रतिनिधियों की होगी। अब छात्रों, अभिभावकों और ग्रामीणों की निगाहें शासन के फैसले पर टिकी हैं। क्या केवल आश्वासन मिलेंगे, या सिंग्रामपुर के बच्चों को उनका हक़ मिलेगा?

# कलश यात्रा के साथ श्री मारुति महायज्ञ प्रारम्भ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया

देव बडे.हनुमान संकट मोचन हनुमान मंदिर बासाकलां में नौ दिवसीय 21 से 30 जनवरी तक चलने वाले 27 कुंडीय श्री 1008 मारुति महायज्ञ का शुभारंभ बुधवार को ऐतिहासिक भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया है। गाजे वाजे और घोड़ो के साथ इस कलश यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने कलश लेकर यात्रा में भाग लिया। कलश यात्रा में सुबह से श्रद्धालु यज्ञ स्थल पर पहुँचना शुरू हो गये। सुबह 10 बजें यज्ञाचार्य प्रदीप जी महाराज के नेतृत्व में विदान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रों के बीच कलश यात्रा प्रारम्भ हुई। कलश यात्रा कार्यक्रम स्थल देव हनुमान जी मंदिर से प्रारम्भ होकर चौधरी वेयर हाउस, झंडा चौक, संजय चौराहा, विरागोदय दमोह रोड होते हुई सुनार नदी बेलखेडी पुल पहुँची। जहाँ विधि विधान के अनुसार कलश में जल लेकर पुनःकलश यात्रा पथरिया संजय चौराहा होते हुए कार्यक्रम यज्ञ स्थल बांसाकलां पहुंची। कलश यात्रा में पहले ध्वज लिए श्रद्धालु भोला वैंड, श्री राम डीजे, महाकाल डीजे फिर सिर पर कलश रखे महिलाएं पीली साड़ी पहने हुए, फिर साधु नागा जी महाराज, इसके पीछे अखाड़े चल रहे थे। जगह जगह साधुजी महाराज की आरती श्रद्धालुओं ने उतार कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम शोभायात्रा में यज्ञाचार्य प्रदीप जी महाराज, क्षेत्रीय विधायक/मंत्री लखन पटेल, पूर्व विधायक श्रीमति रामबाई परिहार, राजेन्द्र सिंह,वीरेंद्र सिंह, यतेंद वांकडा, गुडडे वांकडा, सतीश मेडिकल,रितिक रिषि जैन आदि लोग उपस्थित थे।

# एमएलबी स्कूल परिसर में चल रही असामाजिक गतिविधियों को रोकने, एबीवीपी ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर के पीएमश्री एमएलबी विद्यालय परिसर में सेवा पृथक चौकीदार द्वारा फैलाई जा रही असामाजिक गतिविधियों को रोकने बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महाकौशल प्रांत हटा इकाई द्वारा विद्यालय प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही करने की मांग करते हुए आंदोलन की चेतावनी दी गई। दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि विद्यालय के सेवा-पृथक (रिटायर्ड/हटाए गए) चौकीदार मुन्नालाल द्वारा विगत एक माह से अधिक समय होने पर भी शासकीय आवास पर अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। जबकि नियमानुसार सेवा समाप्ति के बाद आवास रिक्त करना अनिवार्य होता है, किंतु बार-बार सूचना के बावजूद आवास खाली नहीं किया गया है। उक्त पूर्व चौकीदार के पुत्र द्वारा आवास परिसर और विद्यालय के आसपास निरंतर असामाजिक



और अनौपचारिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इससे विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को मानसिक तनाव, भय और भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। परिषद का कहना है कि यह स्थिति विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण और अनुशासन के लिए अत्यंत चिंताजनक है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि सेवा-पृथक चौकीदार द्वारा किए गए अवैध कब्जे को तत्काल हटाया जाकर असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों पर कठोर प्रशासनिक कार्यवाही की जाए एवं विद्यालय परिसर में छात्राओं की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। यदि प्रशासन इस पर शीघ्र संज्ञान लेकर कार्यवाही नहीं करता है, तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्राओं के हित में उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

# खेलो विधानसभाः अनूठे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

मध्य प्रदेश की विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 56 जबेरा में पहली बार अनूठे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन क्षेत्रीय विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के निर्देशन में आयोजित किया गया जिसका आयोजन नगर परिषद तेंदूखेड़ा में किया गया था जो कि TPL सीजन 2 अब अपने अंतिम चरण में प्रवेश कर चुका है। देर रात हुए गुरुदेव क्रिकेट क्लब और रॉयल 11 के बीच काफी रोमांचिक मुकाबला देखने को मिला जिसमें अंतिम क्षणों में गुरुदेव टीम ने विजय प्राप्त की।



वर्तमान में क्वार्टर फाइनल एवं सेमीफाइनल की प्रतिस्पर्धा प्रारंभ होने जा रही है, जिससे खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल बना हुआ है। यह उल्लेखनीय है कि यह आयोजन लगातार दूसरे वर्ष खेलो विधानसभा अंतर्गत संपन्न किया जा रहा है। विदित हो कि इस टूर्नामेंट का शुभारंभ 4 जनवरी को हुआ था, जिसमें कुल 24 टीमों ने सहभागिता की। इनमें कुछ विभागीय टीमें थीं तथा कुछ टीमें ऑक्शन प्रक्रिया के माध्यम से खिलाड़ियों के चयन से गठित की गई थीं। लीग मुकाबलों के उपरांत अब केवल 8 टीमें शेष रह गई हैं, जो आगे क्वार्टर फाइनल एवं सेमीफाइनल मुकाबले खेलेंगी। वहीं 24 जनवरी को टूर्नामेंट का भव्य फाइनल मुकाबला आयोजित किया जाएगा। इस दौरान कुछ आलोचकों द्वारा, जिनकी स्वयं की टीमें प्रतियोगिता में सम्मिलित थीं, नियमों के विरुद्ध जाकर अपने परिजन एवं रिश्तेदारों को खिलाए जाने की मांग की गई, जिसे समस्त टीमों एवं आयोजन समिति द्वारा अस्वीकार्य माना गया। आयोजन समिति द्वारा पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनाए रखते हुए नियमों का पूर्ण पालन किया गया। आप सभी को अवगत कराना चाहेंगे कि खेलो विधानसभा के अंतर्गत विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्थानीय विधायक एवं मंत्री धर्मेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में एवं नितेंद्र सिंह के संरक्षण में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। इन आयोजनों के माध्यम से निश्चित ही विधानसभा क्षेत्र की नई खेल प्रतिभाएं सामने आ रही हैं तथा युवाओं को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्राप्त हो रहा है। जिससे युवाओं अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर नाम रोशन कर रहे हैं।

मंत्री ने कहा कि हम युवाओं को निरंतर मंच प्रदान कर रहे हैं एवं विधानसभा अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर बड़े-बड़े खेल स्टेडियम बनाने का कार्य हम कर रहे हैं और हाल ही में सागर में आयोजित बीसीएल क्रिकेट टूर्नामेंट में भी जबेरा विधानसभा के होनहार खिलाड़ी प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और अपने खेल की दम पर तीन मैच जीतकर प्री क्वार्टर में प्रवेश कर चुके हैं यह दर्शाता है कि विधानसभा खेलों में अग्रणीय है और हम गौरवशाली हैं कि 48 टीमों के बीच प्रदर्शन कर क्वार्टर फाइनल में जगह बना पाए हैं।

# अनुभूति कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**झलौन।** वन परिक्षेत्र झलोन के अंतर्गत पर्यावरण जागरूकता एवं वन संरक्षण के उद्देश्य से "अनुभूति कार्यक्रम" का सफल आयोजन पुनः किया गया। यह कार्यक्रम पूर्व में दिनांक 5 एवं 6 जनवरी को बासी पर्यटक स्थल पर आयोजित किया गया था, जिसमें हाई सेकेंडरी स्कूल झलोन एवं पुरा स्कूल के विद्यार्थियों ने सहभागिता की थी। उस दौरान विद्यार्थियों की संख्या अपेक्षाकृत कम होने के कारण वन विभाग द्वारा पुनः कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसी क्रम में दिनांक 21 जनवरी को सिद्ध धाम टपका स्थल पर अनुभूति कार्यक्रम का पुनः आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 100 बालक-बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रकृति, वन्यजीव, जैव विविधता एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व से प्रत्यक्ष रूप से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को जंगल भ्रमण कराया गया तथा उन्हें पेड़-पौधों, औषधीय वनस्पतियों, वन्य जीवों के संरक्षण एवं वन पारिस्थितिकी तंत्र के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। वन अधिकारियों द्वारा बताया गया कि वनों का संरक्षण न केवल पर्यावरण संतुलन के लिए आवश्यक है, बल्कि यह मानव जीवन के अस्तित्व से भी सीधे जुड़ा हुआ है। इस अवसर पर वन परिक्षेत्र अधिकारी सतीश मसीह, सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी अनिल अहिरवार, सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी शंकर सिंह, आशीष मिश्रा, महबूब खान, डिप्टी दान बहादुर यादव, महेश यादव, बृजेश राठौर, गुड्डा हजारी, शकील खान, इदरीश खान, जल्लू खान सहित वन परिक्षेत्र झलोन का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को प्रकृति से जुड़ने के लिए प्रश्नोत्तर सत्र, संवाद एवं जागरूकता गतिविधियाँ कराई गईं, जिससे बच्चों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति रुचि और जिम्मेदारी की भावना विकसित हो सके। बच्चों ने भी कार्यक्रम के प्रति गहरी रुचि दिखाई और वन विभाग के प्रयासों की सराहना की।



# ग्रामोदय से भाग्योदय कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

दिनांक 21.01.2026 को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला दमोह के द्वारा मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के मार्गदर्शन में चलाए गए ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश के तहत पटेरा विकासखंड - के ग्राम पंचायत सतरिया में अंबिका ग्राम विकास समिति कुंडलपुर द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें माध्यमिक शाला के शिक्षकगण शिक्षिका और बच्चों के साथ कृषि विभाग से कृषि विस्तार अधिकारी दीपक पटेल, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद से विकास खंड समन्वयक हरीश पांडे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ग्राम के बुजुर्ग नागरिकों एवं मता विशेष उपस्थित रही। नव अंकुर संस्था प्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह चौहान द्वारा कार्यक्रम का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। विकास खण्ड समन्वयक हरीश पाण्डेय ने बताया कि ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश कार्यक्रम का आयोजन जन जागरूकता की दृष्टि से किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य मध्य प्रदेश के विकास में आम नागरिको भागीदारी सुनिश्चित करना तथा योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा बड़े विस्तार के साथ जैविक खेती के फायदे और खाद द्वारा खेती के नुकसान के बारे में विस्तार से बताया गया साथ ही किसी से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी गई। उपस्थित बच्चों द्वारा मां वीणा वादिनी सरस्वती वंदना के साथ प्रारंभ करते हुए सामूहिक की मनमोहक प्रस्तुति दी कार्यक्रम में समिति के द्वारा प्रमाण पत्र वितरण किए गए प्रतिभाशाली बच्चों अच्छे अंकों से पास हुए थे। और जिन बच्चों द्वारा गीत गाने सरस्वती बंदना गायन किया गया था साथ उपस्थित जनों का भरतला समिति प्रभारी मनीष मिश्रा जी द्वारा उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया गया।



# कलश यात्रा से श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ



**सिंग्रामपुर।** सिंग्रामपुर स्थित शिव मंदिर में 21 जनवरी से आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ मंगल कलश यात्रा एवं भव्य शोभायात्रा के साथ श्रद्धा और उल्लासपूर्ण वातावरण में हुआ। दोपहर में कथा स्थल शिव मंदिर पड़ाव मैदान से कलश यात्रा प्रारंभ होकर खेर माता मंदिर तक ग्राम भ्रमण करते हुए पूजन-पाठ व देव आवाहन के पश्चात पुनः कथा स्थल पर संपन्न हुई। इस दौरान कन्याएं एवं महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर सिर पर कलश रखे, अनुशासित कतारों में चलते हुए समस्त जीव-जगत के मंगल की कामना करती नजर आईं। कलश यात्रा के साथ विशाल शोभायात्रा भी निकाली गई, जिसमें बैंड, धर्मध्वजाएं और संतों का सानिध्य आकर्षण का केंद्र रहा। सैकड़ों श्रद्धालुओं की सहभागिता, उत्साहपूर्ण जयकारे तथा सुमधुर भजनों से पूरा ग्राम भक्तिमय हो उठा। श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिन कथा प्रवक्ता पंडित नितिन देव जी महाराज ने कहा कि जब जन्म-जन्मांतरों के पुण्य का उदय होता है, तभी ऐसे दिव्य अनुष्ठान संभव होते हैं। श्रीमद्भागवत कथा अमर है—इसके श्रवण मात्र से पापों का क्षय होता है। उन्होंने वेदों के सार को मानव जीवन के लिए कल्याणकारी बताते हुए कथा के महत्व पर प्रकाश डाला। शोभायात्रा में शामिल समस्त ग्रामवासियों का आयोजन समिति द्वारा स्वागत-वंदन किया गया। समिति ने धर्मप्रेमी बंधुओं से श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्यलाभ अर्जित करने की अपील की।

# यज्ञ ही दशावतारों का जनक : श्री भगवान वेदांताचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

विशाल हृदय में धारण की हुई यज्ञ के अनंग में समाहित सृष्टि विष्णु के दशावतारों का वह कारण हैं जिसमें सनातन परंपरा गति शील हैं जो चरैवेति का सिद्धांत पोषित करती है यज्ञ केवल वैदिक कर्मकांड नहीं, अपितु सृष्टि का मूल श्वास है। वेद उद्घोष करते हैं "यज्ञो वै विष्णुः", अर्थात यज्ञ ही भगवान विष्णु का साक्षात स्वरूप है। जिस प्रकार शरीर के अंगों से जीवन प्रवाहित होता है, उसी प्रकार यज्ञ के अंगों में समस्त सृष्टि स्पंदित रहती है। आहुति में अग्नि, मंत्रों में देवता, संकल्प में मनुष्य और फल में लोककल्याण निहित है। जब यह यज्ञ-चक्र संतुलित रहता है, तब प्रकृति, समाज और चेतना में सामंजस्य बना रहता है यह कथन है श्री भगवान वेदांताचार्य रसिक जी महाराज का जिनके सानिध्य मे लक्ष्मीनारायण यज्ञ और विष्णु महापुराण की कथा हो रही जिसमें वैदिक दर्शन की विवेचना में वे पुनः कहते हैं कि जब अधर्म, अहंकार और स्वार्थ इस चक्र को बाधित करते हैं, तब सृष्टि की धुरी डगमगाने लगती है। उसी क्षण करुणा के महासागर भगवान विष्णु अवतार धारण कर यज्ञरूपी व्यवस्था को पुनः स्थिर करते हैं। दशावतार इसी यज्ञ-संरक्षण की दिव्य यात्रा हैं। मत्स्य अवतार में उन्होंने प्रलय की अराजक लहरों से वेदों की रक्षा कर ज्ञान-यज्ञ को सुरक्षित किया। कूर्म अवतार बनकर समुद्र-मंथन जैसे महायज्ञ को आधार प्रदान किया। वराह अवतार द्वारा पृथ्वी को अधर्म के गर्त से निकालकर कर्मभूमि को पुनः प्रतिष्ठित किया गया। नृसिंह रूप में भक्तिरूपी यज्ञ की रक्षा हुई, जहाँ न नियम टूटे न वचन केवल धर्म की विजय हों बही वामन अवतार ने दैत्यराज बलि से दान और मर्यादा का यज्ञ कराया। परशुराम ने अत्याचार से पीड़ति पृथ्वी का शुद्धिकरण किया। श्रीराम अवतार में मर्यादा, त्याग और आदर्श शासन का यज्ञ प्रज्वलित हुआ। तो श्रीकृष्ण ने गीता के अमृत वचनों से कर्म, ज्ञान और भक्ति का महासंयोग स्थापित किया। बुद्ध अवतार में करुणा का दीप जला और अंततः कल्कि अवतार अधर्म के तमस को चीरकर धर्म के नवप्रभात का उद्घोष करेंगे। इन अवतारों का लक्ष्य भिन्न प्रतीत होता है, किंतु अंतःस्रोत एक ही सृष्टि के यज्ञ की रक्षा और जब मानव स्वार्थ में डूबकर कर्तव्य भूलता है, तब अवतार स्मरण कराते हैं कि जीवन यज्ञ है और प्रत्येक कर्म आहुति। आज के युग में भी यही संदेश प्रासंगिक है कि यज्ञ केवल अग्निकुंड तक सीमित नहीं, बल्कि सेवा, संयम, सत्य और समर्पण से युक्त जीवन पद्धति है। जब मानव अपने आचरण को यज्ञभाव से जीता है, तभी विष्णु-तत्त्व जाग्रत होता है और सृष्टि पुनः संतुलन की ओर अग्रसर होती है। श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के अंतर्गत प्रमुख यजमान सुरेश चन्द्र शुक्ल (पप्पु गुरु जी), यज्ञ आचार्य पं.आदित्य मिश्र ,एवं डॉ. डी. वी. मिश्र. सहित यज्ञ नारायण सेवा समिति के सदस्य उपस्थित रहे ।

# विधि की दृष्टि में सभी एक समान - न्यायिक मजिस्ट्रेट

**दमोह।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के तत्वाधान में एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सुभाष सोलंकी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के मार्गदर्शन में ओजस्वनी उच्च. माध्य. विद्यालय दमोह में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में न्यायिक मजिस्ट्रेट उत्कर्ष दिवाकर, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, प्राचार्य श्रीराम बिदौल्या, शिक्षक मुन्नालाल कुर्मी के साथ अन्य शिक्षकगण सहित छात्र-छात्रायें उपस्थित रहीं। उक्त आयोजित शिविर में न्यायिक मजिस्ट्रेट उत्कर्ष दिवाकर ने छात्र-छात्राओं को संविधान में वर्णित मूल अधिकार एवं कर्त्तव्यों की विस्तृत जानकारी देते हुये विधि के समक्ष समता एवं विधि का समान संरक्षण, लिंग भेद, जातिगत भेद, शिक्षा का अधिकार एवं अन्य स्वतंत्रता के संबंध में बताया गया कि सभी वर्ग के व्यक्ति विधि के समक्ष समान होते है जैसे एक निर्धन व्यक्ति एवं एक सम्पन्न व्यक्ति दोनों के द्वारा कोई अपराध किया जाता है तो विधि में दोनों वर्गो के व्यक्तियों के प्रकरण में न्यायालय द्वारा एक समान दण्ड से दंडित किया जाता है। इसके साथ ही संविधान के अनुच्छेद 51 ए में नागरिकों के कर्त्तव्यों का उल्लेख किया गया है जिसका पालन हर नागरिक को करना चाहिये, साथ ही पाक्सो अधिनियम तथा इंटरनेट के सदुपयोग संबंधी जानकारी दी। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को बाल-विवाह मुक्त भारत के संबंध में जानकारी देते हुये कहा कि बाल-विवाह, बच्चो को उनके अधिकारों से वंचित करता है, बाल-विवाह से बच्चों का सर्वागीण विकास भी रूक जाता है तथा यह कानून के द्वारा दंडनीय अपराध भी है। बाल-विवाह मुक्त भारत का उद्देष्य बाल-विवाह को रोकना और बच्चों के अधिकारों की रक्षा करना है, बाल-विवाह की रोकथाम हेतु चाईल्ड हेल्पलाईन, पुलिस को सूचना दी जा सकती है, जिसमें सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाता है। आपने बाल-विवाह अंतर्गत गठित आशा यूनिट, नशे के दुष्परिणाम, किशोर न्याय बोर्ड, मोटरयान अधिनियम इत्यादि विषय पर छात्र-छात्राओं को जानकारी दी।

# विद्यार्थियों का कराया एक्सपोजर विजिट



**दमोह।** विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों का एक्सपोजर विजिट संपन्न की गई। संपूर्ण जिले के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी अपने मार्गदर्शी शिक्षकों एवं अभिभावकों के साथ शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह में सुबह 10 बजे एकत्रित हुए तत्पश्चात सभी विद्यार्थियों को जलपान एवं नाश्ता कराया गया। इसके बाद विद्यार्थियों को बस के द्वारा एकलव्य विश्वविद्यालय के लिए सहायक परियोजना सोनवक मोहन राय द्वारा रवाना किया गया। विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी महोदय दमोह जिला परियोजना समन्वयक आर एम एस ए एवं सहायक परियोजना समन्वयक आरएमएसए दमोह के निर्देशन में जिला समावेशी शिक्षा समन्वयक दमोह नरेंद्र पटेल द्वारा संपन्न कराया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालयों से लगभग 50 बच्चे सभी बच्चों के साथ मार्गदर्शी शिक्षक एवं अभिभावक सम्मिलित हुए , जिन्हें एकलव्य विश्वविद्यालय दमोह, कृषि अनुसंधान केंद्र दमोह एवं पुरातत्व संग्रहालय का भ्रमण कराया गया । अंत में सभी विद्यार्थियों अभिभावकों एवं शिक्षकों को भोजन कराया गया ।

मौके पर दर्दनाक मौत, एक अन्य गंभीर हालत में जबलपुर रेफर

# पत्नी को लेने जा रहे बाइक सवार को पिकअप वाहन ने मारी टक्कर

### तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र के सेहरी गांव के समीप हुआ हादसा पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा/झलौन

सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं इन हादसों का कारण तेज रफ्तार और लापरवाही है जिसके कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है जहां युवक की दर्दनाक मौत हो जाने सहित एक घायल हैं घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार बुधवार को तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत सागर जबलपुर स्टेट हाईवे 15 पर स्थित सहरी गांव के समीप एक बाइक कबाड़ से भरे मालवाहक से टकरा गई इस हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है जिसे प्राइवेट वाहन से घायल अवस्था में स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां से प्राथमिक इलाज के बाद युवक को जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। घटना बुधवार दोपहर 3 बजे की है।



### कबाड़ से भरे मालवाहक से टकराई बाइक

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, यह घटना उस समय हुई जब सहरी गांव निवासी राजेश पिता होरी यादव और मगदूपुरा गांव निवासी खुमान पिता खिलान अहिरवार (40) अपनी बाइक क्रमांक एमपी 34 एमजे 5426 से झलौन से सहरी गांव की ओर जा रहे थे जैसे ही बाइक सवार सेहरी चौराहा के समीप पहुंची उनकी बाइक एक कबाड़ से भरे मालवाहक क्रमांक एमपी 20 जीबी 5611 से टकरा गई और उछलकर सड़क किनारे जा गिरे और इस हादसे एक युवक की मौत हो गई।

### एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर घायल

टक्कर इतनी भीषण थी कि खुमान पिता खिलान अहिरवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई उनके सिर में गंभीर चोट आई थी वही सेहरी निवासी राजेश यादव पिता होरीलाल यादव उम्र 35 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें निजी वाहन से तेंदूखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया हालत गंभीर होने के कारण उन्हें जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया हादसे के बाद मालवाहक क्षतिग्रस्त हालत में सड़क पर खड़ा मिला उसका चालक मौके से फरार हो गया।

### पत्नी को लेने सुसराल जा रहा था खुमान

मृतक के पति खिलान अहिरवार ने बताया कि खुमान कल ही भोपाल से वापस घर आया था और आज अपनी पत्नी को लेने के लिए अपनी बाइक से सेहरी गांव जा रहा था क्योंकि उसकी सुसराल वाले बहू को भेज नहीं थे जिसके कारण मेरा बेटा कल ही भोपाल से वापस आया था और आज बहू को लेने जा रहा था लेकिन रास्ते में यह घटना हो गई मृतक के पिता का आरोप है जिस पिकअप वाहन ने टक्कर मारी है व खुमान के सुसराल के रिश्तेदार का हैं और जानबूझकर यह टक्कर मारी गई है क्योंकि खुमान के सुसराल वाले आए दिन बहूं को लेकर मेरे बेटे से विवाद करते थे मुझे अंदेशा है कि इस घटना में खुमान के सुसराल वालों का हाथ है क्योंकि खुमान आज अपनी पत्नी को लेने जा रहा था और बीच में यह घटना घटित हो गई। वहीं इलाजरत घायल व्यक्ति राजेश यादव सेहरी निवासी ने झलौन से लिफ्ट थी जो रहली से दूध बेचकर आया था जहां घर जाते समय रास्ते में झलौन खुमान मिल गई।

पूछने पर उसने सेहरी जाने की बात कही जिसके कारण राजेश यने खुमान से लिफ्ट ली और हादसे का शिकार हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने खुमान के शव को अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया है जहां आज सुबह शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पथरिया में हुआ नवीन विश्राम गृह का भूमिपूजन, 1.99 करोड़ की लागत से करीब 6-8 माह में बनकर तैयार होगा विश्राम

# जबलपुर-दमोह-ओरछा मार्ग को फोर-लेन करने का प्रस्ताव, दमोह बायपास को रिंग रोड में बदला जायेगा

**दमोह।** यह दिन अत्यंत प्रसन्नता और संतोष का है। नवीन विश्राम गृह के निर्माण हेतु 1 करोड़ 99 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है, जो आगामी 6 से 8 महीनों में बनकर तैयार होगा। यह विश्राम गृह एक अत्यंत उपयुक्त एवं सुविधाजनक स्थान पर निर्मित किया जा रहा है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से 10 से 12 नई सड़कों की स्वीकृति के लिए आग्रह किया है, जिस पर मुख्यमंत्री जी ने सकारात्मक आश्वासन दिया है। आगामी बजट में अधिक से अधिक सड़कें स्वीकृत होंगी, जिससे विधानसभा क्षेत्र में इंटर-कनेक्टिविटी मजबूत होगी। इस आशय के विचार पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल ने पथरिया में नवीन विश्राम गृह के भूमिपूजन के दौरान व्यक्त किये। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा आज क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण सड़कों के भूमि पूजन हैं, जिनमें छैघरा से क्रिन्द्राहो, कनारी से भैंसा, मैलवारा से सूखा तथा सूखा से बिलानी मार्ग शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ये प्रमुख राजमार्ग नहीं बल्कि इंटर-कनेक्टिविटी सड़के हैं, जिनसे गांवों के बीच दूरी कम होगी,



आवागमन सुगम होगा और आमजन को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी। शेष बची सड़कों का कार्य भी आने वाले समय में पूर्ण किया जाएगा। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा जबलपुर से दमोह, दमोह से ओरछा तथा ओरछा से वाया टीकमगढ़ मार्ग अभी तक फोर-लेन नहीं था। इसको लेकर उन्होंने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी जी से आग्रह किया कि जब अन्य स्थानों पर फोर-लेन सड़कों का निर्माण हो रहा है तो यह मार्ग टू-लेन क्यों रहे। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा दमोह के बायपास को रिंग रोड में परिवर्तित करने का भी आग्रह किया गया है, जिसका प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। यह रिंग रोड परियोजना लगभग 200 से 250 करोड़ रुपये की होगी। इसके निर्माण से शहर के भीतर यातायात का दबाव कम होगा और वाहनों को दमोह शहर में प्रवेश किए बिना ही बाहर से बाहर आवागमन की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित रिंग रोड से बटियागढ़, हटा, बांदकपुर, जबलपुर और सागर की सड़कों को जोड़ा जाएगा, जिससे चारों दिशाओं में सुगम और तेज यातायात संभव होगा। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा पथरिया में क्षेत्र का पहला रिंग रोड बन रहा है, जिसकी लागत ₹195 करोड़ है और इसे मंजूरी भी मिल चुकी है। इस परियोजना के अंतर्गत एसएफसी (स्टेट फाइनेंस कॉर्पोरेशन) के माध्यम से दो फ्लाईओवर ब्रिज भी बनाए जाएंगे। दोनों फ्लाईओवर की लागत लगभग ₹75 करोड़ होगी, जबकि शेष ₹120 करोड़ से चारों तरफ की सड़कों का निर्माण किया जाएगा।

## वार्षिक परीक्षा नजदीक, फिर भी मूल शाला छोड़कर अटैचमेंट पर कार्य कर रहे शिक्षक

**गैसाबाद।** छात्रों की पूरे वर्ष की पढ़ाई का अब इम्तिहान होने वाला है अगले महीने से छात्रों की वार्षिक परीक्षाएं प्रारंभ होने वाली है, ऐसी स्थिति में भी शिक्षक अपनी मूल शाला में ना रहकर कार्यालयों में अटैच होकर शिक्षण कार्य से दूर ऑफिस के कार्य में लगे हुए है, जिससे संबंधित शालाओं में आधारित छात्रों की पढ़ाई पर गहरा असर पड़ रहा है, एक ओर तो शासन निर्देश देता है कि शिक्षकों का अटैचमेंट नहीं किया जाएगा शिक्षक अपनी मूल शाला में रहकर ही कार्य करेंगे वहीं दूसरी ओर गैसाबाद संकुल केंद्र के खमरगौर के शासकीय स्कूलों में पदस्थ शिक्षक जो कई महीनो से और कुछ कई बरसों से दूसरी शालाओं में एवं शासकीय कार्यालय में अटैचमेंट होकर कार्य कर रहे हैं प्राप्त जानकारी अनुसार विज्ञान के शिक्षक आशीष कुमार जैन जिनकी पद स्थापना माध्यमिक शाला खमरगौर में है लेकिन इनका अटैचमेंट बीआरसी कार्यालय हटा में है, नारायण दास तिवारी की मूल शाला प्राथमिक शाला खैरा है जो शासकीय माध्यमिक शाला खमरगौर में अटैच है, प्राथमिक शाला खमरगौर में पदस्थ गणेश सेन जन शिक्षक बनकर विभागीय कार्यों में व्यस्त रहते हुए अपनी मूल शाला में समय नहीं दे पाते हैं, इसी क्रम में लगातार कई वर्षों से शासकीय माध्यमिक शाला गैसाबाद में अटैच किए गए शिक्षक विद्यासागर पाठक ऑफिस में बैठकर लिपिक का कार्य कर रहे हैं जबकि इनकी पद स्थापना प्राथमिक शाला खमरगौर में हैं वहीं से इनका वेतन बनता है, यहां पर विचारणीय पहलू यह है ,कि जैसे विज्ञान विषय के शिक्षक आशीष जैन को बीआरसी कार्यालय में अटैक किया गया हैं तो इनकी अनुउपस्थित में माध्यमिक शाला खमरगौर के छात्रों को विज्ञान विषय कौन? पढाता होगा, इसी तरह जो अन्य शिक्षकों का अटैचमेंट किया गया है उनकी मूल शाला में अध्यनरत छात्रों को उनसे संबंधित विषय का कोर्स किसने कराया होगा? जब संबंधित टीचर का अटैचमेंट कर दिया गया है तो उसका विषय किस ने पढ़ाया होगा बड़ा सवाल यह बनता है? गौरतलब है कि अगले महीने से छात्रों की वार्षिक बोर्ड परीक्षा प्रारंभ होने वाली है ऐसे समय में भी शिक्षकों का अपनी मूल शाला में नहीं होना चिंताजनक विषय है एवं छात्रों के भविष्य का सवाल हैं? इस पूरे मामले पर जब जिला शिक्षा अधिकारी एसके नेमा से बात करनी चाही तो उनसे संपर्क नहीं हो सका, छात्रों एवं उनके अभिभावको ने शिक्षा विभाग से शिक्षकों को अपनी मूल शाला में भेजे जाने की मांग की है अब देखना यह होगा कि कई वर्षों से अटैचमेंट पर दूसरी शालाओं में एवं शासकीय कार्यालयों में जमे शिक्षकों को कब उनकी मूल शाला पर भेजती है या फिर सब ऐसे ही चलता रहेगा।

## आदिवासियों पर वन विभाग का अत्याचार,ग्रामीण से की मारपीट



**जबेरा।** विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 56 जबेरा की अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सगरा के पंडरी गांव में आदिवासी समुदाय के साथ वन विभाग की अधिकारियों द्वारा की गई मारपीट की घटना ने पूरे क्षेत्र में आक्रोश पैदा कर दिया है। आदिवासियों ने आरोप लगाया है कि वन विभाग की कर्मचारियों ने उन पर हमला किया है एवं उनके साथ दुर्व्यवहार किया है यह घटना आदिवासियों की जल जंगल जमीन से जुड़ी लंबी समय से चली आ रही विवाद का हिस्सा बताई जा रही है जहां 40 वर्षों से अधिक समय से बासी हुए परिवारों को बेदखली का डर सता रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि भी अपनी पुस्तक जमीन और घर नहीं छोड़ेंगे चाहे कुछ भी हो जाए कवि चंद्रभान सिंह लोधी पंडरी गांव पहुंचे जहां प्रभावित आदिवासी परिवारों से मुलाकात की एवं उनकी समस्याएं सुनी उन्होंने वन विभाग के द्वारा की गई मारपीट की कड़ी निंदा की और कहा कि भविष्य में ऐसे अत्याचार बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे फिर चाहे हम लोगों को सड़कों पर ही क्यों ना उतरना पड़े हम शांत नहीं बैठेंगे। सगरा निवासी शेरा जैन ने कहा कि हम लोग आदिवासियों को किसी भी हालत में अकेला नहीं छोड़ेंगे आने वाले समय में भले ही हमें आंदोलन करना पड़े तो करेंगे साथ ही उन्होंने क्षेत्रीय विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन की मंत्री धर्मेंद्र सह लोधी एवं दमोह जिले के कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर से भी निवेदन किया है कि भोले भाले आदिवासियों की समस्याओं का तत्काल हल करने की कृपा करें।

## अल्का मिश्रा बनी जिलाध्यक्ष

**दमोह।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा सागर की महिला अध्यक्ष दीपा तिवारी एवं उनकी कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम सूर्य उत्तरायण के पर्व पर सम्मिलित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एडवोकेट अनिल मिश्रा ग्वालियर एवं अन्य अतिथियों में सागर महापौर, बेदीका फाउंडेशन की अध्यक्ष शिल्पी भार्गव, भाजपा जिला अध्यक्ष सागर, ब्राह्मण महासभा के युवा अध्यक्ष भरत तिवारी एवं बड़ी संख्या में समाज के पुरुष और महिला उपस्थित रही। इस अवसर पर दमोह में सामाजिक रूप से सक्रिय एवं समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए अल्का मिश्रा दमोह को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की महिला जिला अध्यक्ष दमोह के रूप में दायित्व सोपा गया है मैं आप सभी का आभार एवं धन्यवाद प्रकट करती हूं आपने जो भरोसा मुझ पर जताया है मैं उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगी। श्रीमती अल्का मिश्रा को जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर प्रीति पांडे, रानू मिश्रा, निधी तिवारी, गिरजा त्रिपाठी, पदमा दुबे, सुमन, कविता, रेखा, अनु रिछारिया, कविता राय, नर्मदा एकता सिंह, सीमा रोहित, प्रभात मिश्रा, प्रतीक्षा त्रिपाठी, कृष्णा मिश्रा आदि ने बाधाई दी है।



## हाइडलवर्ग सीमेंट फैक्ट्री ने वितरित किए 200 हेलमेट

**दमोह।** सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान के अंतर्गत हाइडलवर्ग सीमेंट फैक्ट्री नरसिंहगढ़ द्वारा एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दमोह जिले की पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ती सोमवंशी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। फैक्ट्री द्वारा पुलिस चौकी के समीप लगाए गए कैंप में दुपहिया वाहन चालकों को कुल 200 क्रॉस हेलमेट वितरित किए गए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक एवं फैक्ट्री के क्लस्टर हेड सुरेश दुबे ने वाहन चालकों से अपील की कि वे हमेशा हेलमेट पहनकर ही वाहन चलाएँ। पुलिस अधीक्षक ने चेतावनी दी कि बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों पर चलानी कार्यवाही की जाएगी। कंपनी ने बताया कि सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत स्वास्थ्य, शिक्षा और व्यक्तिगत सुरक्षा को लेकर लगातार प्रयास किए जाते रहे हैं। सड़क सुरक्षा को लेकर यह पहल भी उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हेलमेट प्राप्त करने वाले वाहन चालकों ने फैक्ट्री के इस प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारीगण फैक्ट्री से क्लस्टर हेड सुरेश दुबे, एडमिन हेड आशीष जोशी, सिक्योरिटी हेड – एस.एस. यादव, सीएसआर हेड – आलोक तिवारी, सेफ्टी हेड एवं अन्य अधिकारी, पुलिस विभाग से पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ती सोमवंशी, यातायात प्रभारी – दलबीर सिंह मार्को, नरसिंहगढ़ पुलिस चौकी प्रभारी – अभिषेक पटेल, पुलिस प्रशासन का स्टाफ सीमेंट फैक्ट्री का स्टाफ उपस्थित रहा।



राम-सीता विवाह आज

# रामलीला में धनुष भंग के साथ सीता स्वयंवर देखने उमड़े हजारों दर्शक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रनेह

नल नगरी रनेह में स्थित बालाजी मंदिर कचौरा तालाब प्रांगण में हर वर्ष की तरह मकर संक्रांति पर्व पर आयोजित होने वाले परंपरागत सात दिवसीय मेले में जन समुदाय की अपार भीड़ देखी जा रही है। इस मेले का विशेष आकर्षण यहां होने वाली रामलीला मंचन का ही होता है जिसमें स्थानीय कलाकारों की कलाएं दर्शकों को भावविभोर कर देतीं हैं। मेले के छठवें दिन स्थानीय बालाजी मंडल द्वारा सीता स्वयंवर एवं धनुषभंग का दृश्य प्रस्तुत किया गया, जिसे देखने के लिए आसपास के गांवों सहित दूर-दराज से हजारों दर्शकों की मौजूदगी रही। उल्लेखनीय है कि रनेह में लगने वाले इस संक्रांति मेले में विगत करीब साठ वर्षों से स्थानीय बालाजी मंडल द्वारा रामलीला कार्यक्रम का नाट्यमंचन किया जा रहा है। इसकी शुरुआत ग्राम के विख्यात कवि एवं लेखक स्व. पं. बाला प्रसाद नवेरिया ने की थी जिसमें आज भी उन्हीं द्वारा रचित पाठों पर रामलीला का मंचन किया जाता है।

### सीता स्वयंवर–धनुषभंग का मंचन

मेले की शुरुआत रामलीला में रामजन्म के प्रसंग के साथ की जाती है जिसके पश्चात क्रमशः मुनि आगमन, ताड़का वध- अहिल्या उद्धार, मीना बाजार-पुष्प वाटिका जैसे दृश्य प्रस्तुत किए जाते हैं। मेले के पांचवें दिन रामलीला की सबसे लोकप्रिय प्रस्तुति सीता स्वयंवर व धनुषभंग का मंचन हुआ। जिसमें मिथिला नरेश जनक द्वारा रखी गई शर्त के अनुसार स्वयंवर में आमंत्रित अतिथिगणों में से जो भी शिवजी के धनुष को उठाकर प्रत्यंचा चढ़ा देगा उसके साथ ही मिथिलेशकुमारी सीता का विवाह होगा। स्वयंवर में आए अनेक राजाओं और योद्धाओं ने प्रयास किया, किंतु रावण और वाणासुर जैसे बाहुबली राजा भी धनुष को हिला तक नहीं सके। यह देखकर माता सुनैना व्याकुल हो उठीं। तत्पश्चात मुनि विश्वामित्र की आज्ञा से भगवान श्रीराम ने सहजता से शिव धनुष उठाया और जैसे ही उस पर प्रत्यंचा चढ़ाई वह तिनके की भांति टूट गया। धनुषभंग के बाद जनकसुता सीता ने श्रीराम का वरण करते हुए उन्हें वरमाला पहनाई।

### लक्ष्मण–परशुराम संवाद ने मोहा मन

शिव धनुष के टूटते ही भगवान परशुराम क्रोधित होकर स्वयंवर स्थल पर पहुंचे। लक्ष्मण और परशुराम के बीच हुए तीखे संवाद ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। अंततः भगवान श्रीराम ने विनयपूर्वक परशुराम जी का क्रोध शांत किया।

### आज राम–सीता विवाह के साथ मेले का होगा समापन

वैसे तो सात दिवसीय मेले का समापन राम–सीता विवाह के मंचन के साथ प्रतिवर्ष किया जाता है किंतु विशेष अवसर एवं आयोजक मण्डल के निर्णय अनुसार इसका समय बढ़ाया भी जा सकता है। विवाह से पूर्व ग्राम के मुख्य मार्गों से भगवान श्रीराम की भव्य बारात व शोभायात्रा निकाली जाती है जिसके पश्चात कार्यक्रम स्थल पर विधि-विधान से श्रीराम व देवी सीता का विवाह नाट्य मंचन कार्यक्रम के माध्यम से संपन्न किया जायेगा। इन दो दिनों में दर्शकों की सबसे अधिक भीड़ देखी जाती है जिसके चलते दुकानदारों की बिक्री एवं लोगों की खरीददारी में भी रौनक नजर आती है।

### इन कलाकारों की रही प्रमुख भूमिका

रामलीला मंचन में स्थानीय बालाजी मंडली के कलाकार, पं. अवध रिछारिया, पं. उमेश चौबे, नोने सिंह ठाकुर, पं. राजू चौबे, पं. कैलाश रिछारिया, पं. चंद्रभान दुबे, पं. नरेश तिवारी, राममिलन यादव, अशोक ठाकुर, तीरथ ठाकुर सहित अन्य कलाकारों ने अपनी सशक्त प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया।

### वरिष्ठ कलाकार की दिखी कमी

वर्तमान रामलीला पाठों के रचनाकार लेखक पं. बाला प्रसाद नवेरिया के अनुज एवं बालाजी मण्डल के वरिष्ठ कलाकार पं. रामरतन नवेरिया का इस दुनिया से विदा हो जाना उनके स्वर व उनकी विशिष्ट कला की कमी इस वर्ष के मेले व खासतौर पर रामलीला के मंच पर स्पष्ट रूप से देखने को मिली जिनके लोकगीत गायन के स्वर व हास्य कलाकारी से दर्शकों में खूब मनोरंजन होता रहा है उनके रिक्त स्थान की पूर्ति करना असहज नजर आ रहा है।

## सोयाबीन भावांतर योजना में की गई अनियमितता पर एफआईआर दर्ज

**दमोह।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा सोयाबीन फसल हेतु लागू की गई भावांतर योजना खरीद 2025 अंतर्गत कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा खरीदी के दौरान जिला स्तरीय निगरानी दल का गठन किया गया था। जिला स्तरीय निगरानी दल द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर कृषि उपज मंडी दमोह के व्यापारी मेसर्स आस्था ट्रेडिंग कंपनी के प्रोपराइटर राजेंद्र कुमार जैन द्वारा सोयाबीन भावांतर योजना में की गई गंभीर अनियमिताएँ पाए जाने एवं शासन की योजना का दुरुपयोग करने के आरोप में भारतीय न्याय संहित (बीएनएस) 2023 की धारा 318(4) के तहत सचिव कृषि उपज मंडी दमोह घनश्याम मुंडा द्वारा एफआईआर दर्ज कराई गई है।

## बनवार रोड पर शराब और रफ्तार का कहर, युवक गंभीर घायल

**बनवार।** नोहटा थाना अंतर्गत बनवार चौकी क्षेत्र में मंगलवार देर रात शराब के नशे ने एक युवक की जान खतरे में डाल दी। बनवार रोड पर परस्वाहा तिराहे से आगे स्थित अंधे मोड़ पर तेज रफ्तार बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क से उतरते हुए सीधे पेड़ से जा टकराई। हादसे में बाइक चालक राजेंद्र अहीरवाल, निवासी परस्वाहा, को गंभीर चोटें आईं। दुर्घटना की सूचना मिलते ही बनवार चौकी प्रभारी मनीष यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घायल के परिजनों को तत्काल सूचना देकर उसे इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया गया। पुलिस ने घटनास्थल से लाल शराब का पाव और एक मोबाइल फोन बरामद किया है, जिन्हें अपने कब्जे में ले लिया गया है। प्रारंभिक जांच में शराब के नशे में वाहन चलाने की बात सामने आई है। फिलहाल घायल की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। यह हादसा एक बार फिर चेतावनी देता है कि शराब और तेज रफ्तार का मेल जानलेवा साबित हो सकता है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और लोगों से नशे की हालत में वाहन न चलाने की अपील की गई है।

## पोषण ट्रैकर, सम्पर्क ऐप का दिया प्रशिक्षण



**दमोह।** कलेक्टर के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास परियोजना पटेरा अंतर्गत जनपद सभागार में पटेरिया, कुम्हारी सेक्टर की समस्त आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओ को पोषण ट्रैकर, सम्पर्क ऐप और विभागीय योजनाओं से संबंधित समस्त बिन्दुओ पर ट्रेनिंग दी गई जिसमे प्रतिमाह 0-6 वर्ष के बच्चो का वजन एवं ऊंचाई लेना उन्हें पोषण ट्रैकर पर दर्ज़ प्रतिदिन वजन एवं ऊंचाई लिये बच्चो मे जो बच्चे गंभीर कुपोषित, मध्यम कुपोषित, कम वजन मे निकले उन्हें सम्पर्क ऐप पर दर्ज़ करना, उनके पोषण स्तर मे सुधार हेतु गंभीर कुपोशित बच्चो को पोषण पुनर्वस केंद्र मे 14 दिवस हेतु भर्ती कराना तथा ऐसे बच्चो को समुदाय आधारित पोषण प्रबंधन के द्वारा सतत फॉलोअप करते हुये इन्हे सामान्य स्तर मे लाना,समस्त गर्भवती महिलाओ, धात्री माताओ, 0-6 वर्ष के बच्चो एवं किशोरी बालिकाओं को पोषण ट्रैकर पर दर्ज़ करना, समस्त गर्भवती, शिशुवती माताओ, 6-3 वर्ष के बच्चो एवं किशोरी बालिकाओं को frs चेहरा पहचान प्रणाली से पूरक पोषण आहार का लाभ देना, 3 से 6 वर्ष के बच्चों की पोषण ट्रैकर ऐप पर अपार आईडी बनाना, पोषण ट्रैकर ऐप पर दर्ज़ समस्त हितग्राहियों की आभा आईडी बनाना, 3 से 6 वर्ष के सभी बच्चो को शाला पूर्व शिक्षा की गतिविधि करना हैं। प्रधानमंत्री मात्र वंदना योजना, लाडली लक्ष्मी योजना से सभी पात्र हितग्राहियों क्रो यथा समय लाभान्वित करने, केंद्र का सुचारु संचालन सुनिश्चित करने आदि के निर्देश दिये गए।

**इस्तहार**

एतत द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री उमेश कुमार पिता दयाराम चौरहा वार्ड क्रमांक 01 ग्राम पटेरा का निवासी है। आवेदक द्वारा भूमि क्रमांक/भवन क्र 162/2/2 का हस्तांतरण स्वीकृति हेतु दस्तावेज किये गये है। जो म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत प्रस्तुत किया गया है। भूमि क्रमांक / भवन क्र 162/2/2 वार्ड क्रमांक 01 श्री रामकुमार कुर्मी पिता गोरेलाल कुर्मी का नाम दर्ज चला आ रहा है। उक्त भवन प्लाट के हस्तांतरण में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह आपने स्वामित्व संबंधी अभिलेख के साथ इस्तहार म्याद के पूर्व जमा कर सकते है। म्याद उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई नहीं की जावेगी दिनाक 21/01/2026 को 15 दिवसीय इस्तहार मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद पटेरा, जिला दमोह**

**इस्तहार**

एतत द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री जितेन्द्र साहु पिता लक्ष्मण साहु वार्ड क्रमांक 01 ग्राम पटेरा का निवासी है। आवेदक द्वारा भूमि क्रमांक/भवन क्र 883/2 का हस्तांतरण स्वीकृति हेतु दस्तावेज किये गये है। जो म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत प्रस्तुत किया गया है। भूमि क्रमांक / भवन क्र 883/2 वार्ड क्रमांक 01 श्री रामकृष्ण सोनी पिता गौरीशंकर सोनी का नाम दर्ज चला आ रहा है। उक्त भवन प्लाट के हस्तांतरण में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह आपने स्वामित्व संबंधी अभिलेख के साथ इस्तहार म्याद के पूर्व जमा कर सकते है। म्याद उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई नहीं की जावेगी दिनाक 21/01/2026 को 15 दिवसीय इस्तहार मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद पटेरा, जिला दमोह**

**इस्तहार**

एतत द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री भूपत सोनी पिता रामचरण सोनी वार्ड क्रमांक 06 ग्राम पटेरा का निवासी है। आवेदक द्वारा भूमि क्रमांक/भवन क्र - का हस्तांतरण स्वीकृति हेतु दस्तावेज किये गये है। जो म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत प्रस्तुत किया गया है। भूमि क्रमांक / भवन क्र - वार्ड क्रमांक 06 श्री भरत सोनी पिता रामचरण सोनी का नाम दर्ज चला आ रहा है। उक्त भवन प्लाट के हस्तांतरण में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह आपने स्वामित्व संबंधी अभिलेख के साथ इस्तहार म्याद के पूर्व जमा कर सकते है। म्याद उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई नहीं की जावेगी दिनाक 21/01/2026 को 15 दिवसीय इस्तहार मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद पटेरा, जिला दमोह**

**इस्तहार**

एतत द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री दिनेश राय पिता ज्ञानचंद राय वार्ड क्रमांक 01 ग्राम पटेरा का निवासी है। आवेदक द्वारा भूमि क्रमांक/भवन क्र 932 का हस्तांतरण स्वीकृति हेतु दस्तावेज किये गये है। जो म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत प्रस्तुत किया गया है। भूमि क्रमांक / भवन क्र 932 वार्ड क्रमांक 01 श्री रामेश्वर तिवारी पिता नंदकिशोर तिवारी का नाम दर्ज चला आ रहा है। उक्त भवन प्लाट के हस्तांतरण में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह आपने स्वामित्व संबंधी अभिलेख के साथ इस्तहार म्याद के पूर्व जमा कर सकते है। म्याद उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई नहीं की जावेगी दिनाक 21/01/2026 को 15 दिवसीय इस्तहार मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद पटेरा, जिला दमोह**